ज्ञानाञ्जलि

वर्ष 2014-2015

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर (उ. प्र.)

बैच द्वारा 'बी'-ग्रेड प्रमाणित

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध

ाएँ से दाएँ) श्री जे.पी. सिंह, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग (प्राचार्या), श्रीमती रंजना जैन
(बाएँ से दाएँ) डॉ. किशोर कुमार, श्री धीरज कुमार, डॉ. दीप्ति वाजपेयी, डॉ.अनीता रानी राठौर,
श्री संजीव कुमार, डॉ. सत्यन्त कुमार

सम्पादक मण्डल

एँ से दाएँ) डॉ० दीप्ति वाजपेयी, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग (प्राचार्या), डॉ. दिव्या नाथ,
दाएँ) डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. मिन्तु, श्रीमती दीक्षा, डॉ. जीत सिंह आनन्द, डॉ. अरविन्द कुमार या

ज्ञानाञ्जलि

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बादलपुर- गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)

नैक द्वारा 'बी'–ग्रेड प्रमाणित

अंक - अष्टम्

वर्ष - 2015

प्रधान सम्पादक

डॉ० अर्चना सिंह

संरक्षक

डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग

प्राचार्या

:- सम्पादक मण्डल :-

डॉ० दिव्या नाथ

डॉ० निधि रायज़ादा

डॉ० दीप्ति वाजपेयी

डॉ० जीत सिंह

डॉ० नेहा त्रिपाठी

डॉ० अरविन्द कुमार

डॉ० मिन्तु

डॉ० दीक्षा

डॉ० नीलम शर्मा

श्री प्रमोद कुमार मिश्र

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध

शस्य श्यामला बादलपुर की हरी भरी उर्वर धरती पर जन–गण मंगल करने के हित, विद्या दीप जलाया है।

गंगा यमुना की धारायें इसके तट पावन करती

मुक्त प्रदूषण शीतल छाया, तन मन को पुलकित करती

शान्ति समन्वय नैतिकता हित ज्ञान का दीप जलाया है।

शस्य श्यामला .....

खेत–खेत क्यारी–क्यारी में, नित्य नया जीवन भरती

श्रम सीकर सिंचित यह माटी चन्दन सा जग महकाती

बाल पुष्प का सौरभ माटी चन्दन अगरु जलाया है

शस्य श्यामला .....

इसका है इतिहास निराला गाथा गायन अलबेला

मिहिर भोज की कीर्ति कथा से इसका मस्तक गर्वीला

आगत भी है परम्परागत विद्या दुर्ग सजाया है।

शस्य श्यामला .....

आजादी के प्रथम युद्ध की साक्षी है पावन धरती

बुद्ध तथागत की करुणा भी ममता का संचय करती

समरस की सुन्दर संध्या में रंजन द्वीप जलाया है।

शस्य श्यामला .....

भव्य भारती के पदतल में करें अर्चना करें नमन

रमा विजय श्री मिले सभी को, जितेन्द्रिय सब बने युवा जन

ज्ञान सूर्य से मिटे तिमिर सब, ज्योतिर्पुंज जलाया है।

शस्य श्यामला .....

ऊर्जा बौद्धिकता मानवता शुचिता पावनता और सृजन

विद्या मन्दिर बादलपुर का आओ कर लें अभिनन्दन

विद्या हर घर–घर तक पहुँचे ज्ञान का शंख बजाया है

शस्य श्यामला .....

अनुक्रमणिका

1. कुलगीत	कु.मा.रा.म. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर	
2. संदेश	कुलपति चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ	
3. संदेश	निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद	
4. संदेश	क्षेत्रीय, उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ	
5. शिक्षा के प्रति समर्पित विनम्र–सरल स्वभाव प्रेरणा स्त्रोत	प्राचार्या	
6. सम्पादकीय	सम्पादक	
हिन्दी अनुभाग		**13-33**
7. पत्रकारिता का स्वरुप	**कु. मोनिका**, एम.ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष	14–16
8. वर्तमान समय में कबीर की प्रासंगिकता	**कु. नीता**, एम.ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष	16–18
9. मेरे विचार	**बेबी शुक्ला**, एम.ए., (हिन्दी) प्रथम वर्ष	18
10. सफलता की ओर	**प्रियंका भाटी**, एम.ए. प्रथम वर्ष	18–19
11. मेरे अंश	**ममतेश चौधरी**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	19–20
12. क्षेत्रीय समाचार पत्र आम आदमी की आवश्यकता	**ममतेश चौधरी**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	20
13. संदेश पुराने साल का	**कु. प्रियंका कर्दम**, बी.एस.सी. प्रथम (गणित)	21–22
14. अंधविश्वास	**कु. प्रियंका कर्दम**, बी.एस.सी. प्रथम गणित	22–23
15. थोड़ा हंस ले	**कु. पूजा बैसोया**, बी.ए. प्रथम	23
16. दर्द भरी दास्तां से मंजिल की ओर	**कु. मीनाक्षी**, बी.ए. तृतीय वर्ष	24
17. परीक्षा	**कु. ललिता बैसोया**, बी.एस.सी. प्रथम (गणित)	24
18. नेता से साक्षात्कार	**कु. पूजा**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	25
19. प्रकृति (कविता)	**कु. शालिनी चतुर्वेदी**, बी.एस.सी प्रथम वर्ष	25
20. मेरी माँ	**रीतू नागर**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	26
21. दास्तान–ए–कॉलेज	**कु. पूजा**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	26
22. सत्यता	**कु. मनीषा चौहान** बी.एस.सी. प्रथम वर्ष	27
23. भारत देश	**काजल चौधरी**, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (गणित)	27
24. प्लास्टिक से मत करना प्यार	**नेहा नागर**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	28
25. एड्स को मिटाना है	**रीतू नागर**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	28
26. क्षणिकाएँ	**मीनाक्षी कसाना**, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष	29
27. जिन्दगी का किस्सा	**निशा सिंह टाईगर**, बी.कॉम द्वितीय वर्ष	29
28. कुछ कविताऐं	**पूजा बैसोया**, बी.ए. प्रथम वर्ष	30
29. तूफान में फंसी नन्हीं सी जान	**कु. अमृता**, एम.ए. (हिन्दी)	30
30. कैन्टीन	**निशा सिंह टाईगर**, बी.कॉम द्वितीय वर्ष	31
31. माँ–बाप, गुरु अपने	**कु. ज्योति**, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष	31
32. हिन्दी	**सोनिया**, एम.ए. (हिन्दी)	31
33. मंत्री जी का बर्थ–डे	**कु. ज्योति**, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष	31
34. कॉलेज का आखिरी दिन	**कु. शिल्पा**, एम.ए. (हिन्दी)	32
35. कर्म पन्थ	**ममतेरा चौधरी**, एम.ए. (हिन्दी)	32
36. जिन्दगी	**रूबी डाहालियाँ**, बी.ए.	33
37. 'विश्वास'	**रूबी डाहालियाँ**, बी.ए.	33
38. आज का आदमी	**कु. शिल्पा**, एम.ए. (हिन्दी)	33

संस्कृत अनुभाग

41. रामायणम्	**ज्योति**, बी.ए. द्वितीय वर्ष	34-47
42. माघे सन्ति त्रयो गुणाः	**मनोज**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	35–36
43. उत्तमं हिं धनं विद्या	**साधना**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	36–37
44. परोपकारः	**गिन्नी रानी**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	37–38
45. अग्निपुराणे तपसो महत्वम्	**श्रीमती कनक लता यादव**, असिस्टेन्ट प्रो.	39–40
46. किं कर्तव्यम्	**गीता**, बी.ए. प्रथम वर्ष	41
47. प्रतीकेषु प्रयुक्तानि संस्कृतवाक्यानि	**चित्रा**, बी.ए. प्रथम वर्ष	41
48. प्रहेलिका	**संजू**, बी.ए. द्वितीय वर्ष	42
49. न आवश्यकं किमपि	**मनोज**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	42
50. मित्रं लघु अपि वरम्	**रूबी**, बी.ए. प्रथम वर्ष	43
51. सुभाषचन्द्रः	**अन्नु**, एम.ए. प्रथम वर्ष	4
52. सदाचारः	**अंजू**, एम.ए. प्रथम वर्ष	4
53. भ्रष्टाचारः	**मोनिका रानी**, एम.ए. द्वितीय वर्ष	44–45
54. श्रीमद्भगवत्गीता के दार्शनिक संप्रत्यय	**डॉ. दीप्ति वाजपेयी**, विभागाध्यक्ष संस्कृत	4
English Section		46–47
55. Child Labour	**Meenu Rani**, M.A. IV	48-66
56. Why India poor and backward	**Meenakshi Kasana**, B.Com. II	4
57. Read My Dear Friends Read	**Shalu Singhal**, M.A. II	4
58. Faith	**Soni**, M.A. IV	5
59. My Mother	**Jyoti Sharma**, M.A, IV	5
60. Life's Truth	**Priya**, M.A. IV	5
61. Chemical analysis of back Benchers	**Mona Rani**, M.A. IV	5
62. Jokes	**Mansi Sharma**, M.A. IV	5
63. Things in Life Never to Forget	**Pooja Bhadana**, M.A. IV	5
64. Accounts of My Life	**Pooja Bhadana**, M.A. IV	5
65. Funny Definitions	**Sweta Dagar**, M.A. II	5
66. Riddles	**Sweta Dagar**, M.A. II	5
67. Funny Jokes	**Fozia**, M.A. IV	5
68. Know Our India	**Fozia**, M.A. IV	5
69. Life is a Challenge	**Bhavna Singh**, M.A. IV	5
70. Girl's Safety	**Asha Rani**, M.A. IV	5
71. Love and Time	**Shailendri**, M.A. II	5
72. Happiest Man	**Bhavana Singh**, M.A. IV	57-5
73. Murder of English	**Bhavana Singh**, M.A. IV	5
74. Balance is the Ultimate Key to a Healthy Life	**Pratibha**, M.A. Eng. IV Sem.	5
75. A Glass of Milk - Paid in full	**Resham Nagar**, M.A. IV	6
76. Aim of Education	**Meenakshi Kasana**, B.Com	6
77. Strange But True	**Sangeeta Sharma** M.A. II	6
78. Cry of an aborted female foetus	**Manisha Bhati**, M.A. IV	6
79. Time To Learn	**Mona Rani**, M.A. IV	6
80. Miss You Dad	**Nisha Singh Tiger**, M.A. IV	6
81. Bollywood Films in Student's Life	**Monika Yadav**, B.Com. II Year	6
82. Fun Facts	**Ritu Nagar**, B.Com. II Year	6
83. Jungle Truth	**Monika Yadav**, B.Com. II Year	6

84. Mathematics	**Monika Yadav,** B.A. II Year	64
85. The Best Things in Life	**Monika Yadav,** B.A. II Year	64
86. Rules	**Monika Yadav,** B.A. II Year	64
87. Story - The Real King	**Sakshi Adhana,** M.A. IV	65
88. Story - Unity is Strength	**Sakshi Adhana,** M.A. IV	65
89. Beti Bachao, Beti Padhao Yojana	**Asha Gautam,** M.A. IV English	66

समाचारिका **67-100**

90. वार्षिक आख्या–सत्र 2014–15	**श्रीमती रंजना जैन**, प्रभारी अंग्रेजी विभाग	68–69
91. राष्ट्रीय सेवा योजना	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, कार्यक्रम अधिकारी	70–71
92. महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम महिला प्रकोष्ठ	**डॉ० दिव्या नाथ**, प्रभारी महिला प्रकोष्ठ	72–73
93. साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्	**डॉ० अनिता रानी राठौर**, परिषद प्रभारी	74
94. बी०एड० सम्बद्धता	**डॉ० दिव्या नाथ**, प्रभारी / सलाहाकार	75
95. समान अवसर केन्द्र	**डॉ० अर्चना वर्मा**, प्रभारी	76
96. बौद्धिक प्रसार कार्यक्रम	**डॉ० अर्चना वर्मा**, प्रभारी	77
97. ई०एस०पी०डी० क्लब	**श्रीमती रंजना जैन** (संयोजक) **श्रीमती दीक्षा** (सह–संयोजक) **श्री अरविन्द यादव** (सदस्य)	77
98. राष्ट्रीय सेमिनार	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, संयोजक	78–79
99. सेमिनार आख्या	**डॉ० किशोर कुमार**, संयोजक राष्ट्रीय सेमिनार	80–82
100. डॉ० अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र	**डॉ० ममता उपाध्याय**, एसो०प्रो० राजनीति विज्ञान	83–84
101. राष्ट्रीय कैडेट कोर	**नीलम शर्मा**, केयरटेकर एन.सी.सी	85
102. रेंजर्स	**डॉ० सुशीला**, प्रभारी	86–87
103. हिन्दी साहित्य परिषद्	**डॉ० अर्चना सिंह**, हिन्दी विभाग	87
104. संस्कृत परिषद्	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, परिषद प्रभारी	88
105. अंग्रेजी परिषद्	**श्रीमती रंजना जैन**, परिषद् प्रभारी	88–89
106. इतिहास परिषद्	**डॉ० निधि रायजादा**, परिषद् प्रभारी	89–90
107. राजनीतिशास्त्र विभागीय परिषद्– 2014–15	**डॉ० दिव्या नाथ**, परिषद् प्रभारी	91
108. अर्थशास्त्र परिषद्	**श्रीमती भावना यादव**, परिषद् प्रभारी	92
109. समाजशास्त्र परिषद्	**डॉ० ने०पी० सिंह**, विभाग प्रभारी	92
110. गृह विज्ञान परिषद्	**डॉ० संगीता गुप्ता**, परिषद् प्रभारी	93
111. भौतिक विज्ञान परिषद्	**डॉ० ऋचा, परिषद्** प्रभारी	94
112. संगीत परिषद्	**डॉ० बबली अरुण**, परिषद प्रभारी	94
113. भूगोल परिषद्	**कनक कुमार**, परिषद् प्रभारी	95
116. वार्षिक क्रीड़ा समारोह	**डॉ० सत्यन्त कुमार**, परिषद् प्रभारी	96–97
117. जन्तु विज्ञान परिषद्	**डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा**, परिषद् प्रभारी	97
118. आख्या शिक्षाशास्त्र विभाग	**डॉ० सोनम शर्मा**, परिषद् प्रभारी	98
119. चित्रकला विभाग	**डॉ० सुनीता शर्मा**, परिषद् प्रभारी	98
120. महाविद्यालय परिवार		99–100

भले ही तुम्हारा सूर्य बादलों में ढ़क जाए,
आकाश उदास दिखायी दें,
फिर भी धैर्य धरो कुछ हे वीर हृदय,
तुम्हारी विजय अवश्यंभावी है।

शीत से पहले ही ग्रीष्म आ गया,
लहर का दबाव ही उसे उभारता है,
धूप छाँव का खेल चलने दो,
और अटल रहो वीर बनो।

जीवन में कर्तव्य कठोर है,
सुखों के पंख लग गए हैं,
मंजिल दूर, धुंधली सी झिलमिलाती है?
फिर भी अंधकार को चीरते हुए बढ़ जाओ,
अपनी पूरी शक्ति और सामर्थ्य के साथ।

कोई कृति खो नहीं सकती और,
न कोई संघर्ष व्यर्थ जाएगा,
भले ही आशाएं क्षीण हो जाएं,
और शक्तियां जवाब दे दें।
हे वीरात्मन् तुम्हारे उत्तराधिकारी
अवश्य जनमेंगे
और कोई सत्कर्म निष्फल न होगा

यद्यपि भले और ज्ञानवान कम ही मिलेंगे,
किन्तु जीवन की बागड़ोर उन्हीं के हाथों में होगी
यह भीड़ सही बातें देर से समझती है
तो भी चिन्ता न करो, मार्ग प्रदर्शन करते जाओ।

तुम्हारा साथ वे देंगे, जो दूरदर्शी हैं
तुम्हारे साथ शक्तियों का स्वामी है।
आशीषों की वर्षा होगी तुम पर,
ओ महात्मन,
तुम्हारा सर्वमंगलम हो!

- स्वामी विवेकानन्द

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

Office { 0121-2760554
0121-2760551
Fax { 0121-2762838
0121-2760577
Mobile 09412780999

पत्रांक : एस०वी०सी० / 19 / 5057
दिनांक 30.03.2015

श्री विक्रम चन्द्र गोयल
कुलपति
Vikram Chandra Goel
Vice-Chancellor

'संदेश'

जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर (गौतमबुद्ध नगर) द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **"ज्ञानांजलि"** का प्रकाशन किया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका ज्ञानोपयोगी एवं रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्राओं को प्रेरित करेगी। महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को मानसिक एवं बौद्धिक रुप से सुदृढ़ बनाने हेतु किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।

महाविद्यालय परिवार को पत्रिका प्रकाशन करने हेतु मेरी शुभकामनायें।

(विक्रम चन्द्र गोयल)
कुलपति

डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग
प्राचार्या,
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर–203207 (गौतमबुद्ध नगर)

उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद
Directorate of Higher Education Education, U.P. Allahabad

0532 –2623874(का.)
0532–2423919(फैक्स)
0532–2256785(आ.)

डॉ० महेन्द्र राम
उच्च शिक्षा निदेशक,
उ०प्र० इलाहाबाद।

'संदेश'

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर की वार्षिक पत्रिका **"ज्ञानांजलि"** का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका के माध्यम से छात्राओं में सृजन हेतु एक नवीन चेतना का भाव जागृत होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका महाविद्यालय की प्रगति, शैक्षिक वातावरण के साथ ही महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों का सही चित्रण प्रस्तुत करेंगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग
प्राचार्या,
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर

भवदीय
29.03.2015
डॉ० महेन्द्र राम

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ, उ.प्र.

दूरभाषः 0120 –2400444
9456676006
OFFICE,
Regional Higher Education Officer,
Meerut

पत्र संख्या 005 / दिनांक 13–04–2015

ीं. जे.एस. नेगी
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
मेरठ।

'संदेश'

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हो रही है कि **कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्ध नगर** अपनी वार्षिक पत्रिका **''ज्ञानांजलि''** का अंक प्रकाशित करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि आपकी पत्रिका से महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विचारकों और छात्राओं की ज्ञान–प्रतिभा की सार्थक अभिव्यक्ति होगी तथा इसे नया आयाम मिलेगा। **''ज्ञानांजलि''** के सफल प्रकाशन हेतु मैं प्राचार्या, प्राध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूँ।

डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग (प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

(जे. एस. नेगी)



शिक्षा के प्रति समर्पित विनम्र - सरल स्वभाव प्रेरणा स्त्रोत

- डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग
प्राचार्या

'प्राचार्या की कलम से'

'असत्' से सत् की ओर, तमस् से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमृत्व की ओर अग्रसर करने वाली शिक्षा न केवल विद्यार्थियों में अन्तर्निहित मानवीय गुणों को प्रस्फुटित करती है वरन् उनके सर्वांगीर्ण विकास की सम्भावनाओं को बहुमुखी आयाम देती है।

शिक्षा द्वारा छात्र–छात्राओं के सर्वतोन्मुखी अभ्युदय के दृष्टिगत शिक्षक अपने शिक्षण कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों के मानसिक संवेगों एवं क्षमताओं का इस प्रकार विकास करते हैं जिससे वह श्रेष्ठ मानव व कुशल नागरिक बनकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सके। इस हेतु महाविद्यालय बहुविध प्रयासों के माध्यम से राष्ट्र व समाज को सभ्य, सुसंस्कृत एवं ऊर्जावान युवा–शक्ति प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है साथ ही नारी शक्ति संवर्धन में अपनी सजग भूमिका का निर्वाह करते हुए उनमें आत्मविश्वास व आत्मसम्मान के भावों का वर्धन करते हुए सामाजिक व्यवस्था में उनके योगदान को स्वीकृति दिलाने हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है।

इस क्रम में महाविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि नवीन सत्र 2015–16 से बहुप्रतीक्षित बी.एड. पाठ्यक्रम का संचालन है। ग्रामीण अंचल की छात्राओं को उत्तम प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर व रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महाविद्यालय में बी०एड० कक्षाएँ प्रारम्भ होना मील का वह पत्थर है जो अवश्य ही छात्राओं की उड़ान को एक नवीन गति प्रदान करेगा।

महाविद्यालय पत्रिका ज्ञानांजलि नवपल्लवित प्रतिभाओं के हृदय में स्वतः सृजित सुकोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति है जो प्रति सत्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अपना विशिष्ट योगदान प्रदान कर रही है।

मैं छात्राओं के सुदृढ़ एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ज्ञानांजलि के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करती हूँ।

प्राचार्या

डॉ. ज्योत्स्ना गर्ग

' सम्पादिका की कलम से '

कृति प्रतिदिन नवीन रुप में हमारे समक्ष उपस्थित होती है। संसार के चित्रपटल पर नवीन रंग, नवीन चित्र अंकित करती रहती है। सूर्य की किरणें जल थल पर अपना शीतोष्ण प्रभाव ही नहीं उत्पन्न करती अपितु विभिन्न पदार्थों को विभिन्न रंगों से प्रकाशित करती हैं। प्रकृति का प्रत्येक पदार्थ अपने आस–पास अनेक चित्रों का सृजन करता रहता है। प्रकृति की इस लीला को देखकर चैतन्य मनुष्य का हृदय दोलित हो उठता है और उसी क्षण वह अपने हृदय पर पड़ने वाले इन प्रभावों को व्यक्त करने को उत्सुक हो उठता है। इन प्रभावों को व्यक्त करने के लिए उसके पास अनेक माध्यम और साधन हैं अभिव्यक्ति को इन्हीं माध्यमों को ही सृजन कहते हैं। सृजन का ही एक रुप साहित्य है जो कि मानव जीवन का मुखरित रुप है।

जब हमारे अन्तःकरण में आत्मा का प्रकाश हो हृदय में अनुभूति और भावनाओं का स्पन्दन हो तब मानव का यह अनुभव और अनुभूतियाँ पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से मानव विचार की अभिव्यक्ति का संवाहक बन जाती है। महाविद्यालय के नवपल्लवित प्रतिभाओं की कल्पनाशीलता, समापन, सहजता, संलिप्तता एवं मार्गिकता से ओत प्रोत रचनाएं छात्राओं की रचनात्मकता एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को उजागर करते हैं।

विद्यालय में सत्र पर्यन्त संचालित होने वाली गतिविधियों के विवरण के साथ छात्राओं की बौद्धिक रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने वाले लेख कविताएं, कहानियों व अन्य रचनाओं को संजोए ज्ञानांजलि का यह अंक पाठकों एवं विद्वानों को सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है।

यह शिक्षण संस्था निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही है। इसकी प्रगति एवं उपलब्धियों का सम्पूर्ण श्रेय महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग को जाता है जो महाविद्यालय के सतत विकास हेतु पूर्ण लगन, निष्ठा एवं उत्साह से प्रयासरत रहती हैं। हम शासन निदेशालय और विश्वविद्यालय के सहयोग के भी आभारी हैं।

ज्ञानांजलि के प्रस्तुत अंक के सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनाओं के संदेशों द्वारा हमारा उत्साहवर्धन करने के लिए मैं श्री महेन्द्रराम, शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा उ०प्र०, श्री विक्रम चन्द गोयल कुलपति चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं प्रो० जे.एस. नेगी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ। मैं महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ जिनके पग पग पर स्नेहिल मार्गदर्शन व निर्देशन से पत्रिका का यह स्वरूप हमारे सामने है।

मैं समस्त संवर्गिय संपादक मण्डल एवं सहयोगी प्राध्यापक / प्राध्यापिकाओं एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभारी हूँ जिन्होने महाविद्यालय पत्रिका का कलेवर सुसज्जित कर पत्रिका को उच्च स्तरीय स्वरुप प्रदान किया। मैं महाविद्यालय पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की कृतिकार छात्राओं को बधाई देती हूँ और कामना करती हूँ कि उनकी कृतियों की सुगन्ध दिगदिगन्त तक व्याप्त हो महाविद्यालय को गौरवान्वित करें।

डॉ० अर्चना सिंह

हिन्दी-अनुभाग



– सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'

ओ मेरे पुण्य-प्रभव
मेरे आलोक स्नात, पद्म-पत्रस्थ जल बिन्दु
मेरी आँखो के तारे, ओ ध्रुव, ओ चंचल
ओ तपोजात
मेरे कोटि-कोटि लहरो से मँजे एकमात्र मोती
ओ विश्व प्रतिम
अब तू इस कृति सीप को अपने में समेट ले
यह परिदृश्य सोख ले।
स्वाति बूँद! चातक को आत्मलीन तू कर ले
ओ वरिष्ठ! ओ वर दे! वर ले!

सम्पादक मण्डल

डॉ० जीत सिंह
डॉ० मिन्तु

छात्र सम्पादिका

कु० अमृता
एम०ए० चतुर्थ सत्र

पत्रकारिता का स्वरुप

कु० मोनिका
एम० ए० (हिन्दी) द्वितीय वर्ष

श्री वेण्डेल फिलिप्स ने एकदम ठीक कहा है कि – "आज समाचार – पत्र (पत्रकारिता) एकबारगी जनवर्ग का माता पिता, स्कूल–कॉलेज, शिक्षक–थियेटर, आदर्श और उदाहरण परामर्शदाता और साथी हो गया है। इसी से वह एक ऐसी शक्ति बन चुका है जो एक ओर तो सत्ता पर अंकुश रखती है और दूसरी ओर जन–मानस की भावनाओं को व्यक्त करती है। वह एक ऐसा कर्म यंत्र है जो जगत भर के आँख–कान खोलता है, सबके लिए देखता सुनता है सब साथ और सबके पास रहता है और उसको न्यूज यानि नॉर्थ, ईस्ट, ईस्ट वैस्ट, साउथ के हाल चाल से परिचित करता हैं। वरन् व्यक्ति मन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने, उसको निरन्तर सक्रिय बनाये रखने, नवीनतम् जानकारियों से परिचित बनने और सब मिलाकर सजीव–सा बने रहने का दायित्व–बोध भी यह कराता है।

सामाजिक ऐतिहासिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो कह सकते हैं कि पत्रकारिता मनुष्य की सामाजिक भावना और समाज को जानने समझने का ही एक परिणाम है।

सामाजिक बौद्धिक–वैज्ञानिक –साहित्यिक साधन है – पत्रकारिता जिसको, जिसको अंग्रेजी में जर्नलिज्म (Journalism) कहा जाता है व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'जर्नलिज्म' मूलतः फ्रेंच शब्द 'जर्नी से बना है, जिसका शब्दार्थ होता है प्रतिदिन का कार्य और उसका विवरण प्रस्तुत करना सत्रहवीं – अठारवीं शताब्दी में इसके लिए लैटिन शब्द 'डियूनल' का भी प्रयोग किया जाता है।

इसी तरह हिन्दी का पत्रकारिता शब्द 'पत्र' या पत्ता' से व्युत्पन्न है। प्राचीन काल में भारत में भोजपत्रों पर लिख अब जाता था फलतः लिखित सामग्री को भी 'पत्र' कहा गया, जो बाद में अर्थ संकोच से संदेश–समाचार आदि के अर्थ हेतु प्रयोग किय जाने लगा। 'पत्रकार' पत्र पर समाचारादि लिखने वाले को कहा जाता है। सारांश में कह सकते हैं कि 'पत्रकारिता' शब्द प्रायः तीन रुपों में प्रयुक्त होता है– पत्रकार वाला भाव या अवस्था, पत्रकार का कर्म तथा पत्रकार सम्बन्धी कार्य–कर्तव्य–उदेश्य आदि की सैद्धान्तिक जानकारी का विवेचन प्रस्तुत करने वाले काम के लिए प्रयुक्त किया जाता है। आज सामान्यतः पत्रकारिता (Journalism) शब्द में समाचार संप्रेषण से पत्रिकाओं का सम्पादन प्रकाशन तक एवं सम्बन्धी सिद्धान्त ज्ञान तक का अर्थ समाहित किया जाता है और निश्चयतः अब तो यह एक समय–समय पर विभिन्न विद्वानों ने 'पत्रकारिता' का आशय और स्वरुप स्पष्ट करने के लिए उसको अपने–अपने ढंग से परिभाषा बद्ध भी किया है। कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाएं निम्नलिखित है ।

(1) समाज एवं समय के सन्दर्भ में सजग और सचेत या जागरुक रहकर नागरिकों में दायित्व–बोध कराने की कला को पत्रकारिता कहते हैं ।"

– कमलापति त्रिपाठी

(2) ज्ञान और विचार, शब्दों एवं चित्तों के रुपों में दूसरे तक पहुँचाना ही पत्रकारिता है।"

– रामकृष्ण रघुनाथ खडिलकर

(3) "पत्रकारिता एक प्रकार से सूचना देने वाला मौसमी पक्षी होता है।"

– डॉ० सुशीला जोशी

उपर्युक्त परिभाषाओं के परिप्रेक्ष्य में हम पाते हैं कि अधिकांश विद्वानों ने या तो पत्रकारिता को व्युत्पत्तिक आधार पर परिभाषित किया है। या फिर एक ही बात को शब्द बदल –बदल कर कहा है। निःसन्देह, कम से कम विषय की दृष्टि से, आज भी पत्रकारिता को पुनः परिभाषित किये जाने की जरुरत है इसका क्षेत्र और कार्य–कलाप जितना अधिक किया जा रहा है, उतना ही अधिक इसकी जरुरत बढ़ती जा रही है (सर्वज्ञात है कि साज–सज्जा तक ही सीमित नहीं रही है, वह तो दिन–प्रतिदिन वैविध्यमयी और विविधमयी और साहित्यिकता (भाव–शैली आदि) अधिक बढ़ती जा रही है। समग्रतः उसका शास्त्रीय तथा सैद्धान्तिक ढांचा भी फलता–फूलता जा रहा है। अब तो वह एक स्वतन्त्र विषय हैं और इसी अपने आप के स्वतन्त्र –गहन विवेचन की मांग करता है जो जो निःसन्देह यथा शीघ्र पूरी होनी चाहिए।

पत्रकारिता के प्रकार : जीवन की और नित्य जीवन साधन की अधिकता ने पत्रकारिता को बहुआयामी परिदृश्य प्रदान किया है। आज का पत्रकार किसी बंधे–बंधाये संकीर्ण दायरे में रहने के लिए विवश नहीं है अपितु वह अपनी रुचि एवं प्रवृत्ति के अनुसार अपने लिए विशिष्ट क्षेत्रों में चयन करता है। पत्रकारिता के इसी बहुआयामी परिदृश्य के आधार पर पत्रकारिता के विभिन्न रुपों की संक्षेप में निम्न प्रकार प्रस्तुति कर सकते हैं –

1. अनुसंधात्मक, अन्वेषी अथवा खोजी पत्रकारिता :– पत्रकारिता जासूसी और वकालत का सशक्त साधन है। 'वांशिंगटन पोस्ट' के दो संवाददाता वर्नस्टाइन और वुडवर्थ ने अपनी प्रतिभा तथा तत्परता के बल पर गुप्तचर का युगान्तकारी कार्य किया, फलतः 'वाटरगेट कांड' से सत्ता परिवर्तन हुआ।

2. आर्थिक पत्रकारिता :– जीवन का प्रत्येक क्षेत्र अर्थ से प्रभावित है। प्रत्येक व्यक्ति अर्थोपार्जन हेतु रात–दिन लगा रहता है। अर्थ सम्बन्धित क्रिया – कलापों को अभिव्यक्ति देने हेतु आर्थिक पत्रकारिता का विकास हुआ मुद्रा बाजार, पूंजी बाजार, वस्तु बाजार, पंचवर्षीय योजना, ग्रामोद्योग, बजट राष्ट्रीय आय के समाचार अब पाठकों को आर्थिक आकर्षक प्रतीत होते हैं।

3. ग्रामीण पत्रकारिता एवं कृषि पत्रकारिता :– प्रारम्भिक लोक–कलाओं, लोक संस्कृति के प्रचार–प्रसार, कुटीर उद्योगों के विकास हेतु प्रयासरत, हरित एवं श्वेत क्रांति द्वारा ग्रामीण विकास हेतु समर्पित पत्रकारिता को ग्रामीण पत्रकारिता कहना उपर्युक्त ही है कुछ व्यक्तियों ने इसे ही कृषि पत्रकारिता कहा है।

4. व्याख्यात्मक पत्रकारिता :– पहले व्याख्यात्मक पत्रकारिता का क्षेत्र बड़ा विचित्र था, लेकिन विज्ञान के वरदान स्वरुप अब समय बदल गया है। अब अनेक समाचार, एजेन्सियों कार्यरत् है जो पलक झपकते ही समाचार पहुँचाने का कार्य कर देती है।

5. विकास पत्रकारिता :– प्रारम्भ में पत्रकारिता का आशय लिया गया था कि इसका सम्बन्ध मात्र राजनीति से है। राजनीति के अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं, विकास–कार्यक्रमों, तकनीकी अभिवृद्धि आदि से पत्रकारिता का कोई सम्बन्ध नहीं माना जाता था, किन्तु अब स्थिति यह नही हैं। अब तो पत्रकारिता सामाजिक, आर्थिक प्रविधिक एवं वैज्ञानिक विकास पर प्रभाव डालती है वही विकास पत्रकारिता के नाम से जानी जाती है। 'योजना' केन्द्रीय सरकार की ऐसी ही पत्रकारिता है।

6. खेल पत्रकारिता :– समाचार के साथ यदि उससे सम्बन्धित फोटो भी प्रकाशित होते हैं। खेलों के सम्बन्ध में समाज में जगरुकता, जिससे इसमे प्रबुद्ध वर्ग की जागृति हुई है। इस सम्बन्ध में 'खेल–खिलाडी, क्रिकेट सम्राट, स्पोर्टस वीकली, खेल युग आदि कई पत्रकारिता प्रकाशित होती हैं।

7. फोटो पत्रकारिता :– समाचार के साथ यदि उससे सम्बन्धित फोटो भी प्रकाशित हो तो समाचार मूल्य में वृद्धि होती है तथा इस ओर पाठक का ध्यान आकर्षित हो जाता है। फोटो पचकार समाचारों से सम्बन्धित चित्र लेते हैं ।

8. संदर्भ पत्रकारिता :– संदर्भ पत्रकारिता में कार्यरत व्यक्ति सम्पादकों, स्तम्भ लेखकों संवाददाताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार संदर्भों की आपूर्ति द्वारा समर्थता प्रदान करता है यह पत्रकार पत्रकारिता और पुस्तकालय विज्ञान में प्रशिक्षित विश्व कोष होते हैं, जो सभी के सहायता पुरानी कतरनों लेखों, सन्दर्भ ग्रन्थों, फोटो की प्रस्तुति द्वारा करते हैं।

9. संसदीय पत्रकारिता :– संसद के दोनो सदनों, विधान सभाओं एवं परिषद की कार्यवाही आदि का सावधानीपूर्वक अवलोकन एवं प्रस्तुति इस पत्रकारिता के अन्तर्गत की जाती है। संसद की पत्रकार दीर्घ सुप्रतिष्ठित पत्रकार राष्ट्र की चौथी सत्ता के रुप जाना है। संसदीय कार्यवाही को पत्रों–पत्रिकाओं एवं रेडियो, टेलीविजन पर प्रस्तुत करना ही पत्रकारिता का लक्ष्य है।

10. फिल्म पत्रकारिता :– चित्रपट अथवा फिल्म पत्रकारिता का आज के समय में महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक पत्र अथवा पत्रिका में इसका अलग कॉलम होता है। चित्रपट पत्रकारिता सामाजिक – सांस्कृतिक क्रान्ति लाने वाले एक सशक्त माध्यम है ।

11. वृतान्त पत्रकारिता :– विशिष्ट स्थान पर आयोजित मेला सामारोह, प्रतियोगिता आदि का 'आँखों देखा हाल' प्रस्तुतीकरण वृतान्त पत्रकारिता के अन्तर्गत आता है। इसके सजीव प्रसारण में लगे पत्रकारों में आवाज की गुणवत्ता, निष्पक्षता, भाषा पर अप्रतीम अधिकार, घटना–ज्ञान एवं उत्तरदायित्व बोध होता हैं।

12. रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता :– समाचार बुलेटिन समाचार दर्शन सामयिक समीक्षा, व्याख्यात्मक सामृगी ध्वनि सम्पादन, समाचार वाचन एवं विविध प्रकार की प्राविधिक जानकारी को रेडियो पत्रकारिता के अन्तर्गत किया जाता है। ध्वनि व चित्र के प्राविधिक ज्ञान, लेखन एवं वाचन की क्षमता तथा इलैक्ट्रॉनिक जानकारी द्वारा टेलीविजन पत्रकारिता में सफलता प्राप्त की जा सकती हैं।

पत्रकारिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बालकों की कभी समाप्त न होने वाली जिज्ञासु प्रवृत्ति की शान्ति के लिये मनोरंजन से भरपूर पत्र–पत्रिकाएँ निकाली जा रही हैं। इन पत्र–पत्रिकाओं में पत्रकार बालकों की रुचियों के चयन रंगीन चित्रों के सम्पादन, चुटकले हास्य–व्यंग्य और कार्टून कामिक्स के द्वारा बाल पत्रों को अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि आज पत्रकारिता का क्षेत्र उतना ही व्यापक एवं विस्तीर्ण हो चुका है जितना की स्वयं मानवीय जीवन । इसके लिए अब किसी संकीर्ण राजनीतिक समाचार के स्तम्भ से बंधा रहना नहीं पडता। अब प्रबुद्ध पत्रकार अपनी रुची एवं मानसिक आवश्यकता के अनुसार पत्रकारिता के बहुआयामी परिदृश्य से कोई भी क्षेत्र चयन कर उन्नति के शिखर पर अरोहण कर सकता है।

वर्तमान समय में कबीर की प्रासंगिकता

कु० नीता
एम०ए० द्वितीय वर्ष (हिन्दी)

प्रस्तावना : कालक्रम से कबीर पन्द्रहवीं शती के कवि थे। यही उनका जीवन काल है और यही कृतित्व काल है। कबीर मात्र भक्तिकाल के सहज तथा जमीनी भक्त कवि ही नहीं थे वरन् एक बडे समाज सुधारक भी थे। कबीरदास ने जाति–पाति का विरोध कर एक समरस आडम्बरहीन सर्वतोभावेन सुखी और समुन्नत मानव समाज का आदर्श दिया। ऐसे पाखण्ड तथा आडम्बर हीन समाज की स्थापना पर जोर दिया जिसमें सर्वजन बिना आत्महीनता का शिकार हुए अपनी और सामाजिक उन्नति कर सकें। सामाजिक दृष्टि से कबीर–काव्य का वर्ण्य विस्तृत और व्यापक है।

जीवन परिस्थितियाँ : कबीर की जन्म तिथि विवादग्रस्त है। कारण है–तत्सम्बन्धी अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्यों की भिन्नता। 'गुरुयस्सादी जैदेव नाम' वाले अन्तः साक्ष्य के अनुसार कबीर जयदेव और नामदेव के पश्चात् उत्पन्न हुए । ये तो सिकन्दर लोदी सम्बन्धी बहिःसाक्ष्य इनको और भी बाद का बना देता है। इसी आधार पर इनका जन्म–वर्ष सम्वत् 1456 निश्चित करते हैं। डॉ० मुरारी लाल सुरस ने इन सबका खण्डन–मण्डन करके काशी को ही कवि का जन्म स्थान माना है। जैसा की अन्तःसाक्ष्यों और बहिःसाक्ष्यों से भी सत्य प्रतीत होता है कि हिन्दी के अधिकांश आलोचक भी जिसकी पुष्टि करते है। अतएव निर्भ्रान्त रुप से 'काशी' ही की कवि की जन्मस्थली है। जीवन के अन्तिम काल में वे मगहर में जा पहुँचे थे। प्रामणिकता की दृष्टि से इनकी मृत्यु संवत् 1575 ही सत्य प्रतीत होता है और यही अधिक मान्य–प्रचलित है।

काव्यधारा :– कबीर सन्त काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं। यह सन्तकाव्य धारा के ज्ञानमार्गी शाखा के कवि हैं। उनका काव्य संतकाव्य की सभी विशिष्टताओं से युक्त होने के कारण संतकाव्य का अभिन्न अंग है। संतकाव्य की इस परम्परा में कबीर का स्थान एक पथ–प्रदर्शक का है। उन्होंने एक ओर एक सन्तकाव्य को प्रतिष्ठा दिलायी, तत्सम्बन्धी विशेषताओं से युक्त सबल काव्य–कृतित्व प्रदान किया और दूसरी और समकालीन और आगे के कवियों का पथ–प्रदर्शन भी किया। कबीर को सन्तकाव्य का प्रधान और प्रतिनिधि कवि सर्वथा न्यायोचित है।

कबीर : एक समाज सुधारक के रुप में :– कबीर का जन्म पन्द्रहवीं शताब्दी में हुआ। यही उनका जीवनकाल है और यही कृतित्व–काल। इस समय भारत विशेषतः उत्तरी भारत में मुसलमान वर्ग आ चुका था वरन् जम भी चुका था। हिन्दु समाज में जाति, वर्ण, छुआछुत आदि नाना संकीर्णतायें व्याप्त थी। उच्च वर्ग निम्न वर्ग को सर्वथा उपेक्षित और हेय मानता था। इन सब कुरीतियों का विरोध कर उन्हें समाप्त कर दिया। कबीर एक अच्छे समाज सुधारक के रुप में विद्यमान है। उन्होंने सामाजिक विषमताओं का डटकर विरोध किया।

कबीर की सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण की प्रासंगिकताः

कबीर ने सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण का वर्णन निम्न प्रकार किया है –

मूर्ति पूजा का खण्डन :– कबीर भक्तिकाल के प्रमुख कवि थे। सन्त कबीरदास ने मूर्तिपूजा का डटकर विरोध किया। भक्तिकाल के सभी प्रर्वतकों ने मूर्ति पूजा का खण्डन किया। कबीर मूर्ति पूजा के धोर विरोधी थे। कबीरदास ने मूर्तिपूजा का विरोध करते हुए कहा–

पाहन पूँजू हरि मिले, तो मै पूजूँ पहार।
ताते या चाकी भली, पीस खाय संसार।।

सामाजिक अन्याय का विरोध :– मध्यकाल के अधिकांश संत कवि समाज के निम्न वर्ग से सम्बन्धित थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक विषमता और तद्जनित अन्यायों को देखा–भोगा था। उनमें विरोध की भावना आवश्यक ही नहीं स्वाभाविक भी थी। महाराष्ट्र के संतों में विरोध का यह स्वर सरल–सहज था किन्तु कबीर में आकर तो यह आक्रोश और कटुतर बन गया। सच तो यह है कि इन व्यंगोक्तियों ने उनको सुधारक और युग नेता बना दिया। कबीर ने रुढ़िगत सामन्ती दुराचार और अन्यायी सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध डटकर लड़ना सीखा और सिखाते हैं निम्न उदाहरण भी इस मत की पुष्टि करते हैं –

एक बूंद एक मल मूतर एक चाम एक गूदा।
एक जाति ते सब उपजा क्या बाभन क्या सूदा।।

साम्प्रदायिकता का विरोध :– संत काव्यधारा का समय भारतीय समाज में हिंदुओं व मुसलमानों के आरम्भिक सह–अस्तित्व का काल था। जिसमें दोनों सम्प्रदायों के आरम्भिक सह–अस्तित्व का काल था। जिसमें दोनों सम्प्रदायों के लोगो के मध्य अपरिचय अविश्वास व विरोध का माहौल हावी था अभी पारस्परिकता की भावना पैदा नहीं हो सकी थी। संत कवियों ने प्रगतिशीलता का परिचय देते हुए दोनों धर्मों की विदूषी मानसिकता से भरे लोगों को फटकारा है और सौहार्द की सीख दी है –

अरे इन दोउन राह न पाई।
हिदुंन की हिंदुआई देखी, तुरकन की तुरकाई।।

जाति–पाँति का विरोध :– कबीर ने अन्धविश्वासों, आडम्बरों एवं कुरीतियों का बोलबाला था। कबीर ने इन सबका विरोध करते हुए दिशा देने का पूर्ण प्रयास किया। उन्होंने जाँति पाँति के भेदभाव को दूर करते हुए शोषित जनों के उद्धार का प्रयत्न किया तथा हिन्दू–मुस्लिम एकता पर बल दिया। उनका मत था –

जाति पाँति पूछै नहिं कोई।
हरि को भजै सो हरि का होई।।

नारी विरोध :– कबीर मूलतः नारी के नहीं वरन उसके 'कामिनी' रुप के विरोधी थे। इनका सबसे बड़ा कारण तत्कालीन समय मे समाज में नारी के इसी भोग्य रुप की प्रधानता का होना है। माया को कामिनी रूप प्रदान कर कबीर भी, अन्य सन्तों की भाँति नारी को व्याज्य बताते हैं। उनके मतानुसार नारी नरक का द्वार, अवगुणों की जन्मदाता, मोहिनी ठगिनी, विषैली, भुंजगिनी न जाने क्या–क्या है। क्या–क्या है। कबीर का सही नारी विरोध मुखरित हुआ मिलता है –

'नारी की झांई परत, अन्धा होत भुजंग।
कबिरा तिनकी कौन गति जो, नित नारी संग।।

लोककल्याण की भावना :– कबीर मात्र विरोधी नहीं है। उनके व्यंग्य विरोध का मूलोद्देश्य लोक–कल्याण करना है। सच्ची मानवता की प्रतिष्ठा करना है।

वर्तमान समय में देखा जाए तो उनकी यह मान्यता सही है। आज के समय में मानव अपने जीवन के प्रारम्भ से लेकर किसी न किसी क्रिया कलाप से जुडा रहता है। वह अपने सम्पूर्ण जीवन को अपनी मानवीय गुण उजागर नही होते तथा अपने जीवन के अन्त में वह यह न कर पाने का क्षोभ भी प्रकट नहीं कर पाता ।

वर्तमान समय में 'कबीर' की प्रासंगिकता :– कबीर ने एक समाज सुधारक के रूप में सामाजिक एवं धार्मिक दोनों ही प्रकार की मानयताओं का अंकन अपने काव्य में किया। उन्होंने निर्गुण ब्रह्म की उपासना, मूर्तिपूजा का खण्डन, सामाजिक अन्याय का विरोध, साम्प्रदायिकता का विरोध जाति पाँति का विरोध, नारी विरोध, लोक कल्याण की भावना, सभी विशेषताएँ अपने जीवन से ही ग्रहण की है।

वर्तमान समय मे देखा जाए तो कबीर की ये सभी मान्यताएँ आज भी दृष्टव्य है। आज के जनसमूहों में धार्मिक मान्यताएँ कुछ इस प्रकार है :–

1. भारतीय समाज में मनुष्य अलग–अलग देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना करता है– कोई कृष्ण, कोई राम, कोई अल्लाह, कोई ईशा की अराधना करता है। कबीर ने भी सगुण भगवानों के नामों को लेकर भगवान का गुणगान निराकार रुप में ही किया।
2. कबीर ने जिन बाह्य आड़म्बरों का खण्डन अपने काव्य में किया वह आज के वर्तमान समय में भी व्याप्त है – जैसे – मूर्ति पूजा, पूजा पाठ, मस्जिद–मन्दिर, आदि स्थानों को भी अधिक मान्यता दी है।
3. लोक कल्याण की भावना आज भी आधुनिक कवियों में देखने को मिलती है ये कवि अपने काव्य के विषय लोक कल्याण को ध्यान में रखकर ही करते है।
4. वर्तमान समय में भी नारी के प्रति पुरुष वर्ग का नजरिया आज भी यही देखने को मिलता है। वे नारी को गृहस्थ जीवन तथा घर से ही बाँधकर रखना चाहते हैं। आज की नारी पुरुषों से सभी क्षेत्रों में कन्धे से कन्धे मिलाकर चल रही है।

5. कबीर ने जाति पाँति के विरोध पर बल दिया लेकिन आज भी मनुष्य जाति में धर्म, वर्ग संघर्ष देखने को मिलता है। मनुष्य अपने धर्म को उच्च दूसरे धर्मों को तुच्छ नजरिये से तथा घृणा की दृष्टि से देखता है।

मेरे विचार

बेबी शुक्ला
एम०ए० प्रथम वर्ष (हिन्दी)

'दिल'

प्रत्येक जीवित प्राणी में दिल होता है, जैसे–हाथी, शेर, मेंढक आदि इसी तरह मनुष्य के पास भी दिल होता है मगर सबकी बनावट अलग–2 होती है। मनुष्य के शरीर में दिल का बड़ा महत्व है। दिल मनुष्य के शरीर का राजा है दिल शीशे से भी ज्यादा नाजुक होता है कि साँस लेने से भी टूट जाता है। दिल फूल की तरह कोमल है कि जरा सी हवा चलने से भी बिखर जाता है मगर कुछ दिल हीरे से भी ज्यादा सख्त होते है जैसे हलकू और चंगेज खाँ का दिल।

'दोस्ती'

दोस्ती हजारों प्रकार की होती है, जैसे औपचारिक दोस्ती, मतलबी दोस्ती, पत्र मित्रता, सच्ची आदि। दोस्ती नदी के पानी की तरह झिलमिल करता रिश्ता है तथा बारिश की नन्हीं बूँदों की भाँति नाजुक व कोमल है तथा चाँद की रोशनी की भाँति सुन्दर है।

'समय'

मनुष्य के जीवन में समय का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। समय गुजरने के बाद वापस नहीं आता। समय किसी का साथी नहीं है। समय का कोई भरोसा नहीं है । समय किसी के लिए न रुका और न रुकेगा। समय एक कीमती जवाहर की भाँति है इसलिए इसका पल पल पालन करना चाहिए। अन्यथा गया समय वापस नहीं आता और मनुष्य बाद में पछताता है। हमें चाहिए कि हम समय का सदुपयोग करें।

'ज्ञान'

ज्ञान एक ऐसा समन्दर है जिसका न कोई किनारा है न कोई गहराई ज्ञान रोशनी है और ज्ञान अन्धेरा। ज्ञान–अज्ञान को दूर करता है और मनुष्य को जीने का ढंग बताता है। ज्ञान जितना भी सीखो उतना ही कम है निश्चित रूप से ज्ञान से मनुष्य के जीवन में निखार आता है ज्ञान ऐसी दौलत है जिसे खर्च करने से वह घटता नहीं परन्तु बढ़ता ही जाता है।

'कदम'

कदम सदैव सोच समझकर उठाना चाहिए क्योंकि उठाए हुए कदम वापस नहीं लौटते और अपने पीछे निराशा छोड़ जाते हैं।

'कलम'

कलम सदैव सोच समझकर उठाना चाहिए क्योंकि इसकी धार तलवार से भी अधिक तेज और हानिकारक होती है।

सफलता की ओर

प्रियंका भाटी
एम०ए० प्रथम वर्ष

सफलता क्या है इसका कोई निश्चित मापदण्ड नहीं है। सफलता शब्द का अर्थ भिन्न–भिन्न व्यक्तियों के लिए भिन्न–भिन्न होता है। सफलता के मापदण्ड का निर्धारण समय, परिस्थितियों व इच्छा शक्ति के आधार पर किया जाता है। जैसे एक विद्यार्थी के लिए सफलता का अर्थ परीक्षा में पास होना या फिर उच्च स्थान प्राप्त करना भी हो सकता है। एक व्यापारी की सफलता उसके व्यापार की प्रगति है। सफलता से अभिप्राय उन सपनों के, जो मानव में देखे जाते हैं, के साकार होने से है।

मेरे विचार में जब आप ऐसा महसूस करते हैं कि आपने इस कार्य को भली –भाँति कर लिया है जिसे आप करना चाहते थे, तो इसलिए आपने उस कार्य में सफलता प्राप्त कर ली है। स्वयं में संतुष्टता ही सफलता का प्रथम संकेत है।

सफलता की प्राप्ति कैसे ?

सफलता प्राप्ति का यह सूत्र हमेशा याद रखना चाहिए –

सफलता = प्रेरणा + परिश्रम + धीरज

यहाँ प्रेरणा से अभिप्राय मनुष्य के अन्दर की उस स्थिति से है जो उसे किसी कार्य विशेष को करने के लिए प्रेरित करती है। प्रेरणा की तीव्रता ही मनुष्य को परिश्रम करने के लिए बाध्य करती है। प्रेरणा की उत्पत्ति इच्छा शक्ति से होती है। मानव के अन्दर किसी विशेष कार्य को करने की इच्छा शक्ति जितनी अधिक होगी, मानव की प्रेरणा भी उतनी अधिक होगी। कार्य करने की इच्छा शक्ति ही मानव को उद्देश्य प्राप्ति करने हेतु श्रम करने को बाध्य करती है। सफलता प्राप्ति के मार्ग में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। परिश्रम के बिना इस संसार में किसी भी वस्तु की प्राप्ति सम्भव नहीं है। परिश्रम ही वह तत्व है जो आपको सफलता दिलाने में सक्षम है। कहा भी गया है "परिश्रम ही वह कुँजी है जो भाग्य के ताले को खोल सकती है।

परिश्रम ही वह आधारभूत शिला है । जिस पर सफलता के भवन का निर्माण किया जा सकता है। विद्वानों ने परिश्रम को जीवन व ईश्वर की उपासना कहा है – **"Work is Worship"** परिश्रमी व्यक्ति ही सफलता के सोपानों पर चढ़ते चले जाते हैं। कहा भी गया है – **"God helps those who help themselves."** अर्थात् भगवान भी उन्हीं की मदद करता है जो अपनी मदद स्वयं जानते हैं। जो व्यक्ति परिश्रम करने से कतराते हैं। वे ही व्यक्ति भाग्यरुपी बैसाखी का सहारा लेकर चलते हैं। किसी विद्वान ने सत्य ही कहा है– "दैव दैव आलसी पुकारा" परिश्रम ही वह मन्त्र है, पारस है, मणि है जो आपके लिए सफलता के द्वार खोल देगा।

वेदों में कहा गया है कि उठो, जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, जाए। इसी को ही हमें अपना आदर्श वाक्य बनाना चाहिए। सफलता प्राप्ति के मार्ग में धैर्य ही वह साथी है जो हमें प्रेरणा व शक्ति प्रदान करता है। जर्मनी में एक कहावत है – "धैर्य एक कड़वा पौधा है पर उस पर फल मीठे आते हैं।"

सफलता की राह में आने वाली मुश्किलों का हमें धैर्य के साथ समाना करना चाहिए। शेक्सपीयर ने कहा है – "चाहे धैर्य – थकी घोड़ी हो परन्तु चलेगी अवश्य।" इन्हीं तीनों उपस्करों प्रेरणा, परिश्रम व धैर्य के साथ हमें अपनी सफलता के मार्ग पर चलते जाना है।

मेरा अंश

ममतेश चौधरी
एम०ए० द्वितीय वर्ष

कभी कभी कुछ ऐसे लम्हें जिन्दगी में दाखिल हो जाते हैं, जिनके दाखिल होने से कुछ खट्टी–मीठी यादें जन्म ले लेती हैं। उन्ही भीनी–भीनी यादों के समंदर मे आज भी वो समय याद है जब एक माँ की छोटी सी नन्हीं सी बेटी श्रेयसी सोच रही थी "अरे मैं कब बड़ी हो जाऊँगी ?" श्रेयसी रोजाना माँ से कहती "आज मैं थोड़ी बड़ी लग रही हूँ ना" पर माँ श्रेयसी की बात सुनकर सिर्फ मुस्कुरा देती ।

कितने सुन्दर थे वो लम्हे सुहाने।
जहाँ लम्हें हमें मिलते हंसने के बहाने।।

फिर श्रेयसी धीरे–धीरे समय के साथ बड़ी होने लगी। मेधावी तो वह थी ही परन्तु उसकी जिज्ञासा के घोड़े हर समय दौड़ते रहते। हर समय उसके मन में कोई सवाल होता था। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए। कुछ सवाल माँ से पूछती, कुछ अपनी दोस्ती से, और यदि कोई न सुनता तो अपने आप से बातें करती थी। हर सवाल का खुद ही जवाब देने की कोशिश करती।

उन ऊंचाइयों को पाने के लिए अभी उड़ाने तो बाकी हैं।
उन लहरों में चाहतों की कश्ती चलाना अभी बाकी है।

हर समय मानों उसकी आँखो में नया स्वप्न होता था। हर समय महाराणा के चेतक की तरह हवा से बाते किया करती थी, कभी यहां तो कभी वहाँ। वह वास्तविकता में रहते हुए भी मानों एक काल्पनिक शहर में रहती थी। उस शहर में सिर्फ उसके जान पहचान के लोग रहते थे, अनजान व्यक्तियों के लिए उसके शहर में मानो कोई जगह ही नही थी। ऐसा नही था कि वह अपने शहर में किसी को दाखिल नहीं करना चाहती थी, उसका शहर तो पुष्पक विमान के समान था जिसमें चाहे उतने लोग बिना किसी परेशानी के आ सकते थे। दाखिल होने के बाद किसी को कोई कभी महसूस न होती। ऐसा था श्रेयसी का यादों का शहर।

इन यादों की लहरों में करती हूँ आपका स्वागत
यदि डूब जाओ इन यादों की लहरों मे तो होगी वो इबादत

बात करने में वह थोड़ा संकोची थी, परन्तु जब वह बोलना शुरू करती थी तो मानों शब्दों की बाह उमड पड़ती थी। इस बात को रोकने का कार्य कोई न कर पाता, अर्थात् जब श्रेयसी एक बार बोलना शुरू करती तो फिर चुप होने का नाम ही नहीं लेती थी। थोड़ी चुलबुली थोड़ी नटखट मनमोहिनी परोपकारी और न जाने क्या–क्या गुण थे इस लड़की श्रेयसी में । बहुत ही अनोखी थी वो।

क्षेत्रीय समाचार पत्र आम आदमी की आवश्यकता

ममतेश चौ
एम०ए० द्वितीय

पत्रकारिता के बदलते आयामों के साथ–साथ समाचार पत्रों के स्वरूप भी बदला है। राष्ट्रीय स्तर के समाचार–पत्रों का वर्चस्व घटा है और क्षेत्रीय समाचार पत्रों ने अपने क्षेत्रों में एक अलग विशिष्ट पहचान बनाई है। क्षेत्रीय समाचार पत्रों की महत्ता इस बात से भी आकी जा सकती है कि राष्ट्रीय समाचार पत्रों के साथ क्षेत्रीय समाचार–पत्र भी प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता बन गये हैं। इन पत्रों में प्रकाशित समाचारों की विश्वसनीयता को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी–कभी तो कोई महत्वपूर्ण समाचार राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में प्रकाशित होने से पूर्व क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुका होता है।

प्रत्येक व्यक्ति यह जानना चाहता है कि उसके आस–पास क्या घट रहा है। आर्थिक एवं राजनैतिक घटनाओं के अतिरिक्त सामाजिक घटनाओं से भी आज का नागरिक अवगत होना चाहता है और यह सच है कि उस समाज, जिसमें वह रह रहा है, का एक सीमित दायरा होता है उस समय के क्रिया कलापों का ज्ञान केवल क्षेत्रीय समाचार – पत्रों के द्वारा ही हो पाता है।

राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में राष्ट्र एवं विश्व के उन समाचारों को ही पढ़ पाते हैं। उन सामाजिक पत्रों के लिए एक छोटे शहर में हो रही सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ कोई महत्व नहीं रखती जब तक कोई घटना राष्ट्रव्यापी समाचार का स्वरूप न ले। परन्तु एक आम नागरिक का सर्वप्रथम अपने शहर से सरोकार होता है व अपने शहर में हो रही समस्त गतिविधियों के विषय में अधि से अधिक जानकारी रखना चाहता है अपने शहर के सुख दुख, अच्छाई–बुराई उन्नति अथवा अवनति के साथ व भावनात्मक स्वरूप से गहरे जुड़ा होता है। क्षेत्रीय समाच पत्रों ने आम नागरिक की दुखती रग को पकड़ा है। उस मनोभावों को समझा है। अब तो राज्य स्तर समाचार–पत्रों में भी विभिन्न शहरों से सम्बन्धित समाच के लिए अलग पेज प्रकाशित किये जाने लगे हैं और य कारण है कि इन समाचार पत्रों की माँग दिन–प्रतिदि बढ़ती जा रही है।

इसी प्रकार क्षेत्रीय भाषा के समाचार–पत्रों का विस्तार हुआ है इनकी माँग में वृद्धि हुई है। केवल अप भाषा का ज्ञान रखने वाले व्यक्ति की दुविधा भी समाप्त गई है कि वह अपने आस–पास के समाचारों से किस प्रक अवगत हो।

अतः हमको यह बात माननी पड़ेगी कि क्षेत्रीय समाचार-प का आज हमारे जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है। ह अपने समाज से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है औ क्षेत्रीय समाचार पत्रों से जुड़े पत्रकार बन्धु भी साधुवाद पात्र है जो अभावों से जूझते हुए भी अपने कार्य क्षेत्र में द योद्धा की भाँति डटे हुए विजय की ओर अग्रसर है। समा सदैव उनका ऋणि रहेगा।

लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो, हर क्षण उसी का चिन्तन करो। उसी का स्वप्न देखो और उसी के सहारे जीवित रहो।

-स्वामी विवेकानन्द

संदेश पुराने साल का

कु० प्रियंका कर्दम (मू० छात्रा)
बी०एस०सी० प्रथम (गणित)

31 दिसम्बर की रात को, जब सब ये थे सोच रहे।
कि क्या नया हम करें, जो नया साल मने।।
कैसे पुराने को करे विदा, और नये का स्वागत करें।
नये साल के स्वागत की, क्या–क्या तैयारियाँ करें।।
कौन क्या–क्या करेगा, और कौन क्या–क्या लायेगा।
कौन करेगा सफाई, और यहाँ सजायेगा।।
पुराना साल उन सब की बातें दूर खड़ा सुन रहा था।।
अपने सारे कपड़े और समान को पैक कर रहा था ।।
सोच रहा था एक दिन मेरी भी खुशियाँ बाँटी जा रही थी ।
मेरे स्वागत के लिए नयी–नयी, तैयारियाँ की जा रही थी ।
मुझे भी तो नया साल मुबारक, कहा जा रहा था।
मेरी खुशियां बाँटने के लिए कोई कहीं फोन, तो कोई जा रहा था।।
मैं भी पुराने को देखकर, बड़ा इतरा रहा था। उसकी मायूसी पर हँसकर, अपना रौब जमा रहा था।।
उस समय पूरे देश क्या, पूरी दुनिया में मेरा हंगामा था ।
मुझे मुबारक देने वालों में किसी की बुआ, तो किसी का मामा था।।
मेरा भी स्वागत फूलों की माला, बम–फुलझड़ियों से हुआ।
जहां भी गया लोग मुझे सलाम कर, देते मुझे दुआ।।
रंग था मेरा गोरा–गोरा काला कोट मैंने पहना था।
सारा सामान ले आया, क्योंकि यहीं पर मुझे रहना था।।
पर जैसे–जैसे समय बीता बुरा लेने लगा मेरा हाल था।
बीमार मैं रहने लगा और दर्द से बेहाल था।।
न तन पर अब कपड़ा रहा और न सर पर अब बाल था।
अब सोच रहा हूँ जे बीत गया वो कैसा अद्भुत काल था।।
जैसे–जैसे बूढ़ा हुआ लोगों को नहीं मेरी कद्र रही।
पहले की अच्छाई और बाद में बुराई पर बुराई सही।।
मेरा नाम लेने को भी मिला ढूंढे से कोई नहीं।
अब तो हो गया हूँ बूढ़ा और मुझमें सहने की शक्ति नहीं।।
प्रदूषित हुआ है, जल यहां का और प्रदूषण से हुआ मैं काला।
टलग–अलग है। लोग यहाँ और एकता को पापियों ने मार डाला।।
पास खड़ी मैं सुन रही थी उस पुराने साल की बातें।
और सोच रही थी आखिर क्यों है परेशान पुराना साल जाते–जाते।।
पास गया मैं उनके और कहा मैं हूँ प्रियंका कर्दम।
मुझे ही अपना दोस्त समझो, और मुझे ही समझो हमदम।।
क्या है तुम्हें परेशानी और क्या है तुम्हें गम।
जो भी मन में शंका या दुविधा है बता दो मुझे एकदम।।
तब बोले बाबा इस दुनिया को इसका महत्व बता दो।
इस जग में भाइयों का प्रेम और एकता वापस दिला दो।।
मैं बाहर गयी तो देखा बाबा का कहा सब कुछ सच था।
हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई सबका अपना अलग दल था।
तब मैं उनके पास गयी और पुराने साल का हाल सुनाया।
कहा प्रदूषण क्यों फैला है यहां ये कैसा प्रदूषण काल बनाया।।
क्या इसे ही स्वागत कहते हैं। जो बम–फुलझड़ियों से जग है, सजाया।
मैने कहा धुआं फैलाकर क्या तुम नया साल मना रहे हो।
स्वागत कर रहे हो या दुनिया को जला रहे हो।।
अरे एकता भी न छोड़ी जो इस दुनिया से एक इंसान बनाया।
उनकी समझ में न आया तब मैंने उन्हें खुलकर समझाया,
कहा दुनिया बनाई देशों को बनाया, देशों में भी राज्यों को बनवाया।
राज्यों को भी एक न छोड़ा, उनमें भी गांव शहरों को बंटवाया।।
शहरों की तो बात ही छोड़ो किसने वहां जाना–जनवाया।
गांवो में भी एकता को न छोड़ा, उसके बीच भी सडकों को बनवाया।।
केवल एक ही परिवार बचा तो उसमें भी झगड़ों को फैलाया।
सोचा थोड़ा इसी में जी लें, तो प्रदूषण ने जीना दुश्वार बनाया।।
अब कहां वो आजाद, भगत सिंह जो आजादी के लिये लड़े थे।
कुछ मरे, कुछ तड़पे कुछ थे जिन्होंने दर्द सहे थे।।

खैर छोड़ो अब इन बातों को, केवल इतना अब तुम जान लो।
कुछ भी हो अब तो इस दुनियां में एकता लाने की ठान लो।
नया साल इंसानियत से मनाओ, कुछ तो तुम अब जान लो।
मत झगड़ो तुम एक दूसरे से ही बस इतनी बात मेरी मान लो।।

अब तो आजादी भी आ गयी देश में अब न दिन दुख के रहे।
अब उनकी समझ में आ गयी ये बात, और सभी ने मिलकर
शब्द कहे।।

" जब हिन्दू लाये दिया।
और मुस्लिम तेल भरें।।
सिख बनायें बाती।
और इसाई साथ जले।।
सही दशा में नया साल।
उसी दिन है मने ।।"

अन्धविश्वास

कु० प्रियंका कर्दम (भू० छा
बी०एस०सी० प्रथम (

एक बार की मैं बात बताऊं, बहुत ध्यान से तुम्हें समझाऊं।
सोकर उठी थी मैं एक बार दिन था शायद वो सोमवार।।
दातुन करके, पीकर चाय, पराठे के साथ लिया अचार। पूरा
पराठा खा भी नहीं पायी तभी मन में आया एक विचार।।
सोचा क्यों न मिसेज शर्मा से मिलकर, खेतों के लगाऊं एक
चक्कर थोड़ी दूर चली भी न थी कि रास्ते में पड़ा था एक
पत्थर ।।

सीधी चल रही थी और मन में थी मगन।।
कुछ सोच रही थी और देख रही थी गगन।।
पत्थर से टकरायी और जाकर गिरी मुंह के बल।
पैरो में लग गयी चोट लेकिन फिर भी गयी संभल।।
लंगड़ाते हुए थोड़ी दूर चली फिर बैठ गयी थककर।
सोचा पहले करुं आराम फिर फिर चलूंगी थोड़ा
डटकर।।

उठकर चली भी न थी कि सामने से सजी-धजी मिसेज
शर्मा आ रही थी।

चल रही थी जैसे कितनी थकी हो और चेहरे पर उदासी
छा रही थी। उठकर गई मैं उनके पास और पूछा
उदासी का कारण।

कहा सूरत तुम्हारी क्यों है रोनी और नया रुप क्यों किया है।
धारण।। बिना कुछ बोले, मुंह को खोले पहले थी वह बहुत
रोई। बोली आंखों में सपने संजोये कल रात थी मैं सोई
कहा बी.ए. का पेपर भी मैंने पास किया था।। सोचा था
एक दिन मैं भी मैडम बनूंगी। एक कंधे पर पर्स टांगकर
फैशन में चलूंगी।। मैंने पूछा पर हुआ है क्या यह तो
बताओ। रोना-धोना बन्द करो और सही-सही समझाओ
बोली सुबह उठी और नहाने गयी बात सुनो तुम कर्दम।
काम पूरा होने वाला था मेरा जिसके बारे में सोचती
हरदम। कि आज मेरा दिल्ली में बी.एड. का इन्टरव्यु
किसी भी महाविद्यालय की समृद्धि एवं विकास गति का परिचायक उसके अध्ययनरत शिक्षार्थी होते हैं। अत्यन्त हर्ष का विषय है कि 26 छात्र–छात्राओं से प्रारम्भ करते हुये अब 2009 छात्रायें महाविद्यालय में अध्ययनरत है, जो विकास की अनवरत प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शिक्षकों के अथक प्रयास से वर्ष 2013–14 का परिणाम औसतम 95 प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त तार्किक, बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर विभागीय परिषदों द्वारा विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे वाद–विवाद, कविता पाठ, निबन्ध, स्लोगन, पोस्टर, सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगितायें सम्पन्न करायी जाती हैं। जिनके विजयी प्रतियोगियों को वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया जाता है।

छात्राओं की नारी सुलभ रुचियों एवं प्रतिभाओं का ध्यान रखते हुये–मेहंदी, रंगोली, कलश–सज्जा, लोक–गीत, लोक–नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन साहित्यिक, सांस्कृतिक परिषद् के माध्यम से वर्ष पर्यन्त किया जाता है।

महाविद्यालय की अन्य उपलब्धियों में "स्वामी विवेकानन्द एवं डॉ० अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गयी। इन महापुरुषों के प्रेरणादायक विचारों एवं व्यक्तित्व से सम्बन्धित लघु पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इन नव स्थापित केन्द्रों का उद्घाटन क्रमशः सुविख्यात कवि कुमार विश्वास एवं डॉ० जिले सिंह, निदेशक बौद्ध अध्ययन केन्द्र मवाना द्वारा किया गया।

महाविद्यालय में सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र सेवा से सम्बन्धित इकाईयां जैसे रा०से०यो० एन०सी०सी० में 50 केडिट तथा रैन्जर्स में 65 रैन्जर्स छात्रायें पंजीकृत है। इन इकाइयों के तत्वावधान में विभिन्न प्रकार के शिविर एवं प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं।

हमारा भारत एक लोकतान्त्रिक राष्ट्र है। इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश शासन के आदेश द्वारा 11 नवम्बर को छात्रसंघ चुनाव निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराये गये।

समय–समय पर उत्तर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम भी आयोजित किये गये जैसे 23 जनवरी को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र द्वारा निर्देशित स्वच्छता अभियान तथा बेटी बचाओ तथा बेटी पढाओं अभियान को उच्च प्राथमिकता प्रदान कर कार्यक्रम सम्पन्न किये गये।

महाविद्यालय में 13 फरवरी 2015 को 'नैकडोर' जैसे स्वैच्छिक संगठन ने महिला हिंसा के विरुद्ध एक वैचारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्व मानवाधिकार दिवस पर मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में वैचारिक एवं शोध कार्य को समृद्ध करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य परिषद के अनुदान के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय सेमिनार "महिला सुरक्षा एवं गौरव के संरक्षण में शिक्षा की भूमिका" आयोजित किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन अखिल भारतीय महिला संगठन की

महाविद्यालय में संचालित विविध गतिविधियां

मतदाता जागरुकता रेली, मानवाधिकार दिवस, गाँधी जयन्ती, स्वच्छता अभियान, क्रीड़ा दिवस व बेटी बचाओ रेली आदि।

वार्षिकोत्सव - 2015

मुख्य अतिथि - सम्मानित श्री हरीश कुमार वर्मा जी, अपर मुख्य कार्यवाहक अधिकारी ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर, उ०प्र०

अध्यक्षा एनी राजा के द्वारा तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ० अश्वनी कुमार गोयल, संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया।

महाविद्यालय में छात्राओं के स्वस्थ मन एवं स्वच्छ तन की उपयोगिता को देखते हुये समान अवसर केन्द्र एवं बौद्धिक प्रचार प्रसार समिति के तत्वावधान में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय का क्रीड़ा समारोह 19–20 फरवरी को आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन सुप्रसिद्ध क्रिकेटर श्री मदन लाल द्वारा किया गया।

महाविद्यालय का प्रवेश ग्रामीण अंचल में हाने के कारण बहुत सी छात्रायें परिस्थितिवश संस्थागत कोर्स में सम्मिलित नहीं हो पाती। उनकी सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए एवं शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु अग्नू अध्ययन केन्द्र सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है, जिसमें लगभग 210 विद्यार्थी विभिन्न विषयों में पंजीकृत हैं।

महाविद्यालय की विकास की असीमित सम्भावनाओं को देखते हुऐ प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग निरन्तर नई योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयासरत रहती है। इस क्रम में बी०एड० पाठ्यक्रम की प्रक्रिया अपने अन्तिम चरण में है। अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित करना चाहती हूँ कि महाविद्यालय को बी०एड० का लैटर ऑफ रिकोगनीशन प्राप्त हो चुका है। आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि आगामी सत्र में विकास की श्रृंखला में बी०एड० पाठ्यक्रम की एक नयी कड़ी जुड जायेगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना
''सेवा परमो धर्मः''

डॉ० दीप्ति वाजपेयी
कार्यक्रम अधिकारी
रा० से० यो०

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही राष्ट्रीय सेवा योजना देश में समाज सेवा का एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों व शिक्षकों में अध्ययन अध्यापन के मध्य सेवा भाव का सृजन तो करता ही है साथ ही विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रमों से जुड़े विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, साम्प्रदायिक सौहार्द, अनुशासन एवं एकता की भावना विकसित होती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य अथवा प्रत्यवचन है ''मुझको नहीं तुमको''। यह सिद्धान्त वाक्य प्रजातान्त्रिक ढंग से जीने का सार बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बने तथा सभी के प्रति सहानुभूति रखें। इस प्रत्यवचन का आशय है कि व्यक्ति का कल्याण अन्तिम रुप से समस्त योजना का कल्याण होने में ही निहित है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रत्येक स्वयं–सेवक/सेविका को दो वर्ष की अवधि में 240 घंटों का सामुदायिक कार्य करना होता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के निमित्त कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयं सेवी छात्रायें पूर्ण तत्परता एवं मनोयोग से सामान्य प्रशिक्षण एवं श्रमदान आदि के द्वारा शिविरों के माध्यम से योजना को मूर्त रुप देने हेतु सतत् संलग्न है।

वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत चार एकदिवसीय शिविरों के माध्यम से अधिग्रहीत ग्राम सादोपुर में श्रमदान, स्वच्छता, साक्षरता, वृक्षारोपण, एड्स से बचाव, मतदान के प्रति जागरुकता, विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के प्रति जाग्रति, स्वास्थ्य एवं आहार–पोषण सम्बन्धी जानकारी, पल्स–पोलियो एवं टीकाकरण आदि राष्ट्रीय अभियानों में स्वयं सेवियों द्वारा सक्रिय योगदान, सर्वेक्षण एवं परिचर्चा कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही समय–समय पर भाषण, चार्ट, स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

सत्र 2014–15 में 50 स्वयं सेविकाओं का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 17 जनवरी 2015 से 23 जनवरी 2015 तक ग्राम सादोपुर में आयोजित किया गया। शिविर जिस लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्य को संकल्पित कर आयोजित किया गया था उन लक्ष्यों को पूर्ण करने में पूर्णतः सफल रहा।

शिविर के प्रथम दिवस दिनांक 17 जनवरी 2015 को प्रातः सर्वधर्म प्रार्थना के पश्चात् शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग जी द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। द्वितीय सत्र में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मिन्तू द्वारा ''राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य–उद्देश्य एवं शिविरार्थियों की आचार संहिता'' पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तत्पश्चात् शिविरार्थी छात्राओं ने अधिग्रहीत ग्राम सादोपुर की मलिन बस्तियों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

शिविर के दूसरे दिन दिनांक 18/01/15 को सर्वधर्म प्रार्थना एवं शिविर गीत के पश्चात् शिवारार्थी छात्राओं ने धार्मिक स्थलों (सादोपुर ग्राम के) की स्वच्छता का कार्य किया एवं पौधारोपण कर ग्रामीणों को वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में डॉ० मकसूद अहमद, सेवानिवृत प्रभारी विज्ञान संकाय ने ''जलवायु परिवर्तन एवं जनसंख्या'' विषय पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई।

पोलियो रविवार होने के कारण शिविरार्थी छात्राओं ने सादोपुर के पोलियो बूथ पर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा भी पिलाई तथा इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़ चढ़ कर भागीदारी की।

दिनांक 19/10/15 को शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थी छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई तथा ग्राम सादोपुर का मतदाता पहचान पत्र सर्वेक्षण कार्य किया गया तथा लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक

सत्र में डॉ० अर्चना सिंह, हिन्दी विभाग, द्वारा ''राष्ट्रीय सेवा योजना में युवाओं का योगदान' विषय पर प्रकाश डाला गया। व्याख्यान के उपरान्त नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया व सामाजिक समस्याओं पर रोचक नारे प्रस्तुत किए।

शिविर के चतुर्थ दिवस दिनांक 20/1/15 को ईशवन्दना के पश्चात् छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकार विषय पर सादोपुर की जनता के मध्य जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत परिचर्चा का आयोजन किया गया।

बौद्धिक सत्र में श्रीमती शिल्पी, गृह विज्ञान विभाग ने स्वयंसेवी छात्राओं को ''सामुदायिक विकास में दृश्य–श्रव्य साधनों की उपयोगिता'' विषय पर रोचक व्याख्यान दिया। इसके पश्चात् शिविर में साहिल गैस – ''सुरक्षा की ओर एक कदम'' की ओर से नुक्कड नाटक का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने भी उत्साह से प्रतिभाग किया। तदुपरान्त हस्तशिल्प प्रतियोगिता आयोजित की गई।

शिविर के पाँचवे दिन दिनांक 21/1/15 को ग्राम सादोपुर की प्रमुख सड़को की साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता का महत्व बताने वाली नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया गया। द्वितीय सत्र में डॉ० अरविन्द यादव प्रभारी वाणिज्य संकाय द्वारा 'वैश्वीकरण– भारत के लिए उचित अथवा अनुचित'' विषय पर परिचर्चा कराई गई। तृतीय सत्र में लघु नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके अन्तर्गत विभिन्न शिविरार्थी टोलियों ने शिक्षा का महत्व, बेटा–बेटी एक समान तथा दहेज एक अभिशाप इत्यादि विषयों पर प्रेरक लघु नाटिकाएँ प्रस्तुत की।

दिनांक 22/01/15 को शिविर के छठे दिन अधिग्रहीत ग्राम सादोपुर का साक्षरता सर्वेक्षण किया तथा लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरुक किया। बौद्धिक सत्र में श्री विजयपाल सिंह सेवानिवृत प्रधानाचार्या द्वारा ''भारत में साक्षरता परिदृश्य पर विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् हस्तशिल्प एवं हस्त कौशल विकसित करने की दृष्टि से कढ़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शिविर के अन्तिम दिन दिनांक 23/01/15 को समापन समारोह के सुअवसर पर माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् शिविरार्थी छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इसके पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई तथा शिविरार्थी छात्राओं ने शिविर की उपलब्धियों पर वक्तव्य दिए।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन मुख्य अतिथि श्री नगेन्द्र बैसोया ग्राम प्रधान सादोपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग, प्राचार्या जी के आर्शीवचन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० दीप्ति वाजपेयी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की सम्पूर्ण समिति डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० मिन्तु, श्रीमती शिल्पी, डॉ० ऋचा, डॉ० विनीता सिंह एवं सुश्री नीलम शर्मा के विशेष योगदान से राष्ट्रीय योजना के विशिष्ट एवं सामान्य समस्त कार्यक्रमों को गति प्रदान की जा सकी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग जी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारी वर्ग के उल्लेखनीय सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र 2014–15 के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में सफल रहीं।

महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम महिला प्रकोष्ठ - 2014-15

डॉ० दिव्या नाथ
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ

महिला एवं पुरुष जीवनरुपी रथ के दो पहिए हैं। समाज तथा राष्ट्र की उन्नति तभी सभव है, जब इस रथ के दोनों पहिए समान आकार धारण कर, कंधे से कंधा मिला कर चले। किंतु नारी सशक्तिकरण एवं समानता के अनगिनत प्रयासों के बावजूद, आज भी महिलाएँ, अपने अनुसार जीवन जीने के अधिकार से वंचित है। कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, यौन उत्पीड़न तथा प्रत्येक क्षेत्र मे पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त करने संबंधी समस्याओं से आज भी भारतीय नारी जूझती नजर आती है। हम सब यह जानते हैं कि महिला परिवार की वह धुरी होती है, जिसके चारों और सभी सदस्यों का जीवन घूमता है। परन्तु जहाँ एक ओर महिलाओं के उत्थान एवं समान अधिकारों की चर्चा होती है, वहीं दूसरी ओर उनके उत्पीडन एवं शोषण के दुखद पक्ष प्रदर्शित होते है, जो समाज की प्रगति पर एक धब्बा है। इसी अन्याय से लड़ने के परिप्रेक्ष्य में, सभी कार्य क्षेत्रों में महिला प्रकोष्ठ का गठन आवश्यक कर दिया गया है, जो महिलाओं को शोषण के खिलाफ आवाज उठाने तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरुक बनाता है।

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ इकाई की स्थापना सर्वथम सितम्बर 2007 में की गई थी। प्रति वर्ष की भांति वर्तमान सत्र 2014–15 में भी महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसके सदस्य निम्नवत् हैं :–

संयोजक – डॉ० दिव्या नाथ
सह संयोजक – डॉ० दीप्ति वाजपेई
सदस्य – डॉ० रश्मि कुमारी, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० सुशीला चौधरी, डॉ० प्रतिभा तोमर

प्रत्येक कक्षा से एक–एक छात्रा प्रतिनिधि भी नामित सदस्य के रुप में, प्रकोष्ठ में सम्मिलित की गई, जिनके नाम निम्नवत् हैं – कु० निधि (BA I), कु० संजु नागर (BA II), कु० मंजु नागर (BA III), कु० माधुरी (विज्ञान संकाय), कु० निशा सिंह (वाणिज्य संकाय), कु० पूजा (M.A. I) तथा कु० सानू (M.A. II)

महाविद्यालय शैक्षिक कैलेण्डर के अनुपालन में प्रकोष्ठ की गतिविधियों का आरम्भ, दिनांक 18 अक्टूबर 2014 को एक शैक्षिक आयोजन के द्वारा किया गया। इसके अन्तर्गत एक व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसका शीर्षक था – "महिला अधिकार –सुरक्षा एवं जागरुकता। संगोष्ठी के प्रारम्भ में प्रभारी डॉ० दिव्या नाथ द्वारा महिला प्रकोष्ठ के स्वरुप एवं उददेश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त महिला आयोग के स्वरुप, कार्यविधि, एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नं० इत्यादि के विषय में भी छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। तदुपरान्त महिला प्रकोष्ठ की सदस्या, डॉ० सुशीला चौधरी द्वारा महिला अधिकार से जुड़े मुददों पर छात्राओं को प्रभावशाली भाषण दिया गया। व्याख्यान के पश्चात् महिला प्रकोष्ठ सह–प्रभारी डॉ० दीप्ति वाजपेई द्वारा, कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के विषय में छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया गया तथा समिति सदस्यों सहित छात्राओं ने संयुक्त रुप से देश की एकता एवं अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव, अहिंसा, राष्ट्र सुरक्षा एवं स्वच्छता हेतु शपथ ली। इसके अतिरिक्त छात्राओं से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं प्रभारी छात्रा छात्राओं को आश्वासन दिया गया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा महाविद्यालयों में संचालित महिला प्रकोष्ठ कार्यक्रमों को 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' अभियान से जोड़े जाने के उपरान्त, दिनांक 2 अक्टूबर 2014 को आयोजित छात्राओं की जागरुकता रैली में, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने छात्राओं को स्वच्छता सम्बन्धी ज्ञानोपयोगी तथ्यों से अवगत कराया। महाविद्यालय के विभिन्न छात्रा शौचालयों में स्वच्छता सम्बन्धी दिशा निर्देश भी चस्पा किए गए। साथ ही, महाविद्यालय प्रशासनिक भवन के प्रथम तल में हिन्दी विभाग से सीढियों तक छात्राओं से स्वच्छता कार्य कराया गया। छात्रा प्रतिनिधियों के नेतृत्व में कई टोलियाँ बना कर, उन्हें महाविद्यालय परिसर के

सभी क्षेत्रों में समय–समय पर स्वच्छता अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही, महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' विषय पर एक नारा लेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में जिन छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया उन सभी छात्राओं को महाविद्यालय वार्षिक समारोह में दिनांक 27 फरवरी 2015 को पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 10 फरवरी 2015 को महाविद्यालय रेंजर्स टीम एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में, सरकार के 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जागरुकता अभियान के अंतर्गत एक अंतर–संकाय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था – "वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण –

तीनों संकायों के प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में शक्तिशाली तर्क रखते हुए बहुत सुंदर प्रदर्शन किया, जिसमें कला संकाय विजयी रहा।

विश्व की समस्त महिलाओं से जुड़े विषयों, समस्याओं, समाधानों इत्यादि को एक सूत्र में पिरोकर नारी शक्ति जागृत करने हेतु, संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिनांक 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया है। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ इकाई ने छात्राओं की एक संगोष्ठी आयोजित की जिसमें प्रकोष्ठ सह–प्रभारी डॉ० दीपित वाजपेई द्वारा "नारी सुरक्षा एवं सम्मान में शिक्षा की भूमिका" विषय पर एक व्याख्यान दिया गया।

इसके अतिरिक्त समय–समय पर छात्राओं की बैठक आहूत कर समिति सदस्यों द्वारा छात्राओं की समस्या एवं उनके निवारण हेतु प्रयास किया गया। उक्त सभी गतिविधियों का उद्देश्य यही था, कि छात्राओं में यह संदेश जाए, कि यदि शोषण की कोई घटना होती है, तो उसे छिपाने के बजाए उजागर कर उचित कदम उठा कर, उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति को दण्ड दिलाना चाहिए। ऐसा करने के लिए सर्वप्रथम शिक्षित होना तथा जागरुक होना अति आवश्यक है।

साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्

डॉ अनीता रानी राठौर
परिषद् प्रभारी

किसी भी देश या समाज के विभिन्न जीवन व्यापारों में या सामाजिक सम्बन्धों में मानवीयता की दृष्टि से प्रेरणा प्रदान करने वाले आदर्शों की समष्टि को संस्कृति कहा जाता है। वस्तुतः संस्कृति एक पूर्ण अवस्था है जिसमें धर्म, दर्शन व कला का समावेश होता है। संस्कृति मानव की मानसिक, नैतिक, भौतिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं कलात्मक जीवन की समग्रता का नाम है। संस्कृति के व्यक्ति एवं समाज पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव के दृष्टिगत संस्कृति को उसके अभिभूत साहित्य से जोड़ते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी छात्राओं के उत्तरोत्तर विकास एवं परिष्कार हेतु साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद् का गठन किया गया जिसका एकमात्र उद्देश्य छात्राओं की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को निखारना उन्हें इन गतिविधियों की तरफ आकृष्ट करना इस तरफ रूझान पैदा करना तथा प्रोत्साहित करना था।

02 अक्टूबर को गांधी – शास्त्री जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय निर्देशानुसार महाविद्यालय की चित्रकला विभाग की प्रवक्ता डॉ० सुनीता शर्मा के निर्देशन में "Violence Against world peace" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु. मंजू नागर (बी.ए. III) कु. सजू नागर (बी.ए. II) तथा कु. निशा (बी.ए. I)ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये।

24 अक्टूबर, 2014 को डॉ० ममता उपाध्याय के निर्देशन में प्रेरक प्रसंग लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु. सिमरन यादव (बी.ए. I) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

11 नवम्बर 2014 को एक बार पुनः डॉ० ममता उपाध्याय के कुशल निर्देशन में 'वर्तमान शिक्षा पद्धति राष्ट्र की आवश्यकता के कितने अनुकूल है' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने सोत्साह भाग लिया तथा अत्यन्त रुचिकर तरीके से विषय के पक्ष –विपक्ष में अपने विचार रखें।

04 दिसम्बर 2014 को विस्तृत रुप में संस्कृत विभाग की प्रवक्ता डॉ० दीप्ति वाजपेयी के निर्देशन में 'आशु भाषण प्रतियोगिता, डॉ० अर्चना सिंह (प्रवक्ता हिन्दी) द्वारा 'स्वरचित कविता पाठ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या महोदया की उपस्थिति, महावि. प्रवक्ता गण द्वारा भी स्वरचित कविता पाठ अत्यन्त उत्साह वर्धक एवं सराहनीय थे। कार्यक्रम का संचालन परिषद् प्रभारी डॉ० अनीता रानी राठौर द्वारा किया गया।

16 जनवरी 2015 को गृह विज्ञान विषय की प्रवक्ता डॉ० शिल्पी द्वारा 'धर्म निरपेक्ष भारत' विषय पर रंगोली प्रतियोगता करायी गयी जिसमें कु. ललिता पुण्डीर (एम.ए. प्रथम अंग्रेजी) ने प्रथम, कु. अल्का चौधरी (एम.ए. II) गृह विज्ञान) ने द्वितीय तथा कु. मीनाक्षी (बी.ए. III) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त साहि. सां. परिषद् के अन्तर्गत मेहंदी, नृत्य गीत, गजल, गायन इत्यादि प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न करायी गयी। विजयी छात्राओं को सत्रान्त आयोजित होने वाले 'वार्षिकोत्सव' में मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा प्रतियोगिताओं सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। परिषद् के समस्त सदस्य डॉ० अनीता रानी राठौर, डॉ० दीप्ति वाजपेयी, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० ममता उपाध्याय, डॉ० शिल्पी, डॉ० राजेश कुमार यादव, डॉ० प्रमोद मिश्र, डॉ० सुनीता शर्मा एवं डॉ० बबली अरुण वर्षपर्यन्त छात्राओं के मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन एवं निर्देशन हेतु कृत संकल्प रहे हैं।

बी० एड० सम्बद्धता
महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धि

डॉ० दिव्या नाथ
प्रभारी / सम्बद्धकार्य
बी०एड० सम्बद्धता

उच्च शिक्षा उन्नयन हेतु कृतसंकल्प कु० मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के लिए वर्तमान सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। पाठ्यक्रम तथा पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के अतिरिक्त, छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करना, महाविद्यालय की संकल्पनाओं में से एक रहा है। इसी सम्बन्ध में छात्राओं की मांग को देखते हुये विगत कई वर्षो से बी०एड० कार्यक्रम संचालित करने हेतु प्रयास किये जा रहे थे, जिनके फलस्वरुप महाविद्यालय में दिनांक 19.11.13 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् ,छब्ब्म्द्ध द्वारा गठित पैनल के निरीक्षण के उपरान्त Letter of Intent (cl.7(9)) प्राप्त हो गया था। तत्पश्चात् उ० प्र० शासन द्वारा महाविद्यालय में बी० एड० संकाय हेतु सृजित पदों पर सात् प्रवक्ताओं की तैनाती की गई, जिन्होंने माह जुलाई 2014 से महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया।

सम्बद्धता की अगली कड़ी के रुप में वर्तमान प्राचार्या डा० ज्योत्स्ना गर्ग के व्यक्तिगत प्रयासों के फलस्वरुप महाविद्यालय को NCTE से बहुप्रतिक्षित Letter of Recognition (Cl.7(16)) प्राप्त हुआ जिसके अनुसार महाविद्यालय को 50–50 की दो यूनिट हेतु बी. एकृ पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई। उक्त के आधार पर चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा गठित पैनल के दिनांक 04.03.15 को सफलतापूर्वक निरीक्षण कर महाविद्यालय में बी.एड. संकाय सम्बद्धता हेतु अपनी संस्तुति दिनांक 04.03.15 को सफलतापूर्वक निरीक्षण कर महाविद्यालय में बी.एड. संकाय सम्बद्धता हेतु अपनी संस्तुति वि.वि. धे प्रेषित कर किये जाने की प्रक्रिया की। इस पैनल के नामित सदस्य डॉ. के.सी. शर्मा, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा, डॉ. सिंधुबाला, विषय विशेषज्ञ, बी.एम.एल.जी. कॉलेज गाजियाबाद तथा प्रो. इंदिरा ढुल, एम.डी. विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा थे।

ठस सन्दर्भ में भी यह भी उल्लेखनीय है कि बी. एड. सम्बद्धता के प्रयासों के मध्य, Justice Verma Committee के सुझावों के अनुसार, NCTE ने अपने मानकों से परिवर्तन कर दो वर्षो का पाठ्यक्रम लागू कर दिया है। महाविद्यालय में बी. एड. भवन का निर्माण शासन द्वारा पूर्व में ही पूर्ण हो गया था, और जब जुलाई 2015 से नवीन संकाय प्रारम्भ होने की सूचना से जहां एक ओर उ.प्र. शासन उच्च शिक्षा निदेशालय एवं महाविद्यालय सम्बद्धता समिति के प्रयासों को सफलता मिलि वहीं ग्रामीण अंचल में बहुप्रतीक्षित बी.एड. पाठयक्रम खुल जाने से छात्राओं को शैक्षिक उन्नति हेतु नए अवसर प्राप्त हुए।

समान अवसर केन्द्र (प्रायोजक- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली)

डॉ. अर्चना वर्मा
प्रभारी

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर में समान अवसर केन्द्र की स्थापना जुलाई 2011 में हुई थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित इस केन्द्र की स्थापना विशेष उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की गई –

1. महाविद्यालय की छात्राओं को विभिन्न योजनाओं में समान अवसर प्रदान करना व समाज की मुख्य धारा से जोड़ना।
2. महाविद्यालय की छात्राओं, अध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मध्य बेहतर तालमेल को बढ़ावा देना व भेदभावपूर्ण विचारों को हतोत्साहित करना।
3. महाविद्यालय में सामाजिक सद्भावपूर्ण वातावरण को सृजित करना जिसमें विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि से आई छात्राओं के मध्य शैक्षणिक आदान प्रदान एवं स्वस्थ अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों का विकास हो सके।
4. विद्वत्समाज को, समाज के हाशिये पर जीवन जी रहे व्यक्तियों की समस्याओं एवं उनकी आकांक्षाओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना।
5. छात्राओं के मध्य भेदभाव से सम्बन्धित समस्याओं का प्रभावकारी समाधान करना।
6. समाज के कमजोर वर्गों से आने वाली छात्राओं की शिकायतों को सुनाना व उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान करना व सुझाना।
7. समाज के कमजोर वर्गों के लिये समय–समय पर जारी नोटिफिकेशन / मेमोरेंडा / सरकारी आदेशों एवं विभिन्न सम्बन्धित संस्थाओं और एजेन्सियों की सूचनाओं को प्रचारित व प्रसारित करना।
8. कमजोर वर्गों से आने वाली छात्राओं को शैक्षिक एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु सरकारी एवं अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करके शैक्षिक एवं आर्थिक संसाधनों का विकास करना।
9. कमजोर वर्गों से आने वाली छात्राओं के लिये प्रवेश / पंजीकरण आदि की प्रक्रिया को आसान बनाना।
10. प्रवेश, नियुक्तियों (शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों) पर कमजोर वर्गों को अनुमन्य प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना, ताकि उनके कार्य प्रदर्शन को सुधारा जा सकें।
11. महाविद्यालय प्रशासन को अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा लाभ से वंचित रह गये वर्गों की समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना।

उपरोक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय की छात्रा को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार तथा अन्य संस्थाओं की लाभकारी योजनाओं के बारे में समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है। इन योजनाओं का लाभ वे किस प्रकार उठा सकती हैं, इस हेतु समान अवसर केन्द्र समिति के सदस्य डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० अनीता सिंह, श्री संजीव कुमार व डॉ० ऋचा द्वारा छात्राओं का यथोचित् मार्गदर्शन किया जाता रहा है।

छात्राओं के ज्ञान के सम्यक् विकास हेतु समान अवसर केन्द्र द्वारा निम्नवत् व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

दिनांक 14.11.14 विषय–'वास्तविक प्रसन्नता' वक्ता–श्री अतेन्द्र रावत दिनांक 9.12.14 विषय–'प्राकृतिक चिकित्सा' वक्ता–डॉ० सन्त प्रकाश गोयल।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना, विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र, श्री अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा भी विविध अकादमिक गतिविधियों का संचालन व आयोजन किया गया।

समान अवसर केन्द्र के संचालन व विविध व्याख्यानों के आयोजन में महाविद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। समस्त कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में ही सम्पन्न हो सका।

बौद्धिक प्रसार कार्यक्रम

डॉ. अर्चना वर्मा
प्रभारी

महाविद्यालय में बौद्धिक प्रसार कार्यक्रम का संचालन सत्र 2013–14 के प्रारम्भ से ही किया जा रहा है। प्रसार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्राओं के विविध विषयों पर व्याख्यानों व अन्य माध्यमों से ज्ञान प्रदान किया जाये। इसी उद्देश्य से बौद्धिक प्रसार कार्यक्रम के तत्वावधान में विभिन्न व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

दिनांक 14.11.14 को विषय 'वास्तविक प्रसन्नता' पर श्री अतेन्द्र रावल द्वारा बोधपरक व्याख्यान दिया गया। दिनांक 9.12.14 को विषय 'प्राकृतिक चिकित्सा' पर डॉ० सन्त प्रकाश गोयल द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई डॉ० गोयल द्वारा बताया गया कि किस प्रकार प्रकृति द्वारा चिकित्सा की जा सकती है। उचित आहार विहार द्वारा हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। दिनांक 18.12.14 को विषय मानवाधिकार पर श्री अतेन्द्र रावल द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई।

बौद्धिक प्रसार कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान 'जनसंख्या एवं जलवायु परिवर्तन' 'साक्षरता' 'दृश्य–श्रव्य साधनों की सामुदायिक विकास' आदि विषयों पर सारगर्भित व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में संचालित 'श्री अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र' एवं 'स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र' में भी उक्त सम्मानित महापुरुषों के विचारों से वर्तमान युवा पीढी को अवगत कराने हेतु विविध व्याख्यानों, संगोष्ठी एवं सेमीनार का आयोजन किया गया।

समस्त कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग के कुशल निर्देशन में ही सम्भव हो सका। बौद्धिक प्रसार समिति की सह–संयोजक डॉ० आशा रानी एवं सदस्य डॉ० जीत सिंह, डॉ० सुशीला, डॉ० मिन्तु, डॉ० प्रमोद कुमार मिश्र का भी कार्यक्रमों के आयोजन में अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

ई० एस० पी० डी० क्लब

श्रीमती रंजना जैन –संयोजक
श्रीमती दीक्षा – सह–संयोजक
श्री अरविन्द यादव – सदस्य

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर के आँगन में संचालित ESPD CLUB का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की छात्राओं को अंग्रेजी भाषा ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के लिये प्रेरित करना है। छात्राओं को एक अवसर प्रदान करना जिससे उनके अंदर के संकोच को दूर करने में उनकी सहायता की जा सके। इस क्लब के प्रति छात्राओं का उत्साह परिलक्षित है कि पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 75 छात्राओं ने इसकी सदस्यता ग्रहण की। क्लब के द्वारा दिनांक 05 / 12 / 14 को छात्राओं के लिये एक Orientation Programme का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब प्रभारी श्रीमती रंजना जैन ने छात्राओं को व्यक्तित्व का महत्व बताते हुये, व्यक्तित्व विकास के तरीकों से अवगत कराया। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान एवं उसके वार्तालाप में प्रयोग हेतु आवश्यक नियमों की जानकारी भी दी। भूतपूर्व सदस्यों के द्वारा नये सदस्यों को अपने अनुभवों से परिचित कराया गया। छात्राओं की उपलब्धियों को परिलक्षित करने के लिये क्लब के द्वारा दिनांक 09 / 02 / 15 को एक Extempore competition का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम निम्नलिखित है –

1. कु. तनु – B.A. I (प्रथम)
2. कु. तानषी – M.A. II (द्वितीय)
3. कु. अनु – B.A. I (तृतीय)

उक्त तीनों प्रतिभागियों को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय सेमिनार
"महिला सुरक्षा एवं सम्मान के संरक्षण में शिक्षा की भूमिका"
14 फरवरी 2015

डॉ० दीप्ति वाजपेयी
संयोजक

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में दिनांक 14 फरवरी 2015 को उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा अनुदानित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के विषय की समसामयिकता से कोई भी संवेदनशील व्यक्ति अनभिज्ञ नहीं है। इस वर्ष गणतन्त्र दिवस की मुख्य थीम "महिला सशक्तिकरण" होने से विषय की अपरिहार्यता और अधिक पुष्ट हुई है।

यह सर्वमान्य लक्ष्य है कि नारी को सशक्त किए बिना किसी भी प्रकार का स्थाई विकास संभव नहीं है। विभिन्न सरकारी एवं स्वयं सेवी संगठनों के बहुविध प्रयासों के फलस्वरूप सैद्धान्तिक स्तर पर इस दिशा में किंचित सफलता अर्जित भी कर ली गई है किन्तु व्यवहारिक स्तर पर स्थिति अभी भी असंतोषजनक ही है जिसका सबसे महत्वपूर्ण कारण समाज में नारी असुरक्षा की भयावह स्थिति है। वस्तुतः विगत कुछ दशकों से नारी की समाज में अपेक्षाकृत कुछ सशक्त होती हुई स्थिति के बावजूद भी उसकी सामाजिक सुरक्षा एक ज्वलन्त प्रश्न बन चुका है जबकि नारी सुरक्षा को सुनिश्चित कर ही परिवार, समाज व राष्ट्र का सर्वोत्तम व स्थाई विकास सम्भव है यह लक्ष्य मात्र कानून बनाने से प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा द्वारा समाज में वैचारिक क्रांति लाने की आवश्यकता है। इसी भाव से प्रेरित होकर महाविद्यालय में "नारी सुरक्षा एवं सम्मान में शिक्षा की भूमिका" विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर इस समस्या के समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम उठाने का प्रयास किया गया।

संगोष्ठी का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती एनी रजा, महासचिव नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया। श्रीमती एनी रजा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नारी की सुरक्षा और अस्मिता आज कटघरे में है। जब हम झण्डे व मोमबत्तियाँ लेकर सड़कों पर निकलते है तो हम एक मुद्दा उठाने की कोशिश कर रहे होते है किन्तु हमें सड़कों पर नहीं हर दिल में मशाल जलानी होगी तभी यह समस्या जड़ से विनिष्ट हो सकती है।

संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन डॉ० अश्वनी कुमार गोयल, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा ने इस बात पर बल दिया कि नारी सुरक्षा व आत्मसम्मान का मुद्दा क्षणिक चर्चा का विषय नहीं है अपितु इस पर गंभीर मथन होना चाहिए। उन्होने व्यवहारिक उपाय सुझाते हुए कहा कि इसकी शुरुआत हमें अपने घरों से करनी होगी। बचपन से ही संस्कारों के रूप में नारी सम्मान के बीज रोपने होगे तभी भविष्य की सम्भावनाएँ सुन्दर बनेंगी।

संगोष्ठी की अन्य विशिष्ट अतिथि मिस उम.ए.कुलसूम, सीनियर एंकर, एन.डी.टी.वी. ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा ही समस्त सफलताओं की कुंजी है तथा नारी सुरक्षा व सम्मान के वर्तमान ज्वलन्त प्रश्न का हल भी शिक्षा द्वारा ही सम्भव है। संगोष्ठी संरक्षक डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग (प्राचार्या) ने आत्मावलोकन व आत्मचिंतन को आवश्यक बताते हुए कहा कि नारी अपनी सुरक्षा के लिए समाज की ओर प्रश्न सूचक निगाहों से देख रही है अतः सामाजिक व्यवस्थाओं के पुनर्मूल्याकंन की आवश्यकता है।

संगोष्ठी का विषय परिचायत्मक उद्बोधन संगोष्ठी संयोजिका डॉ० दीप्ति वाजपेयी द्वारा प्रस्तुत करते हुए इस बिन्दु पर बल दिया गया कि महिला सशक्तिकरण का मूल भाव महिलाओं को सुरक्षित व सम्मानजनक ढंग से अपने मनोनुरुप जीवन जीने की स्वतन्त्रता, शिक्षा और संस्कारों द्वारा समाज की दुर्गंधित मानसिकता को विनिष्ट कर समाज की प्रत्येक इकाई में सकारात्मक सोच उत्पन्न कर ही प्राप्त की जा सकती है। सेमिनार के मुख्य वक्ता श्री जे.के. पुण्डीर

समाज शास्त्री व प्रो० वी.सी. चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिला सुरक्षा एवं गरिमा के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

संगोष्ठी में बुद्धिजीवियों में उमड़ते विचार-प्रवाह को समय सीमा में बाँधना एक कठिन कार्य हैं इसलिए समय प्रबन्धन करते हुए तकनीकी सत्रों को तीन भागों में विभाजित किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ० राजेश कुमार, एसो० प्रो० दिल्ली विश्वविद्यालय डॉ० रंजना जैन, एसो० प्रो० अंग्रेजी विभाग, कु० मायावती राज० महिला महाविद्यालय बादलपुर एवं तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ० दिव्या नाथ, सेमिनार सचिव द्वारा की गई। डॉ० वी.के. शनवाल ने महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान में शिक्षा की प्रभावी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला । विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों द्वारा महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत विचारभिव्यक्ति की गई।

संगोष्ठी में समापन सत्र की विशिष्ट अतिथि का पद श्रीमती सुनीता गोदरा, प्रसिद्ध एशियन मैराथन चैम्पियन द्वारा सुशोभित किया गया। उन्होंने नारी सुरक्षा और सम्मान में खेल एवं शिक्षा के महत्व पर सारगर्भित वक्तव्य प्रदान किया। संगोष्ठी के समापन पर सेमिनार सचिव डॉ० अनीता रानी राठौर द्वारा संगोष्ठी की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की गई तथा डॉ० दिव्या नाथ द्वारा आभार ज्ञापन किया गया।

संगोष्ठी के उदघाटन सत्र का संचालन डॉ० ममता उपाध्याय द्वारा, तकनीकी सत्र का संचालन डॉ० अर्चनासिंह द्वारा किया गया। समापन सत्र का संचालन डॉ० किशोर कुमार द्वारा समापन किया गया।

उच्च शिक्षा केन्द्रों में आयोजित इस प्रकार की संगोष्ठियाँ जहाँ छात्र-छात्राओं के बहुमुखी विकास में सहायक होती है वहीं समाज में वैचारिक परिपक्वता उत्पन्न कर किसी समस्या के समाधान हेतु व्यवहारिक पृष्ठभूमि का निर्माण करती है। महाविद्यालय परिवार के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव है। विगत वर्षों की भाँति आगामी सत्रों में भी महाविद्यालय इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों द्वारा समाज को आदर्श स्वरूप प्रदान करने में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने हेतु कृत संकल्प है।

सेमिनार आख्या

''वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन की प्रासंगिकता''

(Relevance of Swami Vivekananda's Thoughts in Today's Perspective)

स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र

डॉ० किशोर कुमार
संयोजक–राष्ट्रीय सेमिनार

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा विभिन्न युग प्रवर्तक महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अकादमिक जगत तथा जनसामान्य को अवगत कराने हेतु ''भारतीय युग प्रवर्तक सामाजिक विचारक'' (Epoch Making Social Thinks of India) योजना के अन्तर्गत अध्ययन केन्द्रों की स्थापना निःसन्देह एक सराहनीय प्रयास है हम जानते है कि दार्शनिकों का दर्शन, परिपेक्ष्य, परिकल्पना और प्रतिभा सदैव वैश्विक होती है और साथ ही उनकी दृष्टि किसी एक क्षेत्र तक सीमित न रहकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को समृद्ध करती है। उपर्युक्त उददेश्यों की पूर्ति हेतु स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र के द्वारा ''वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन की प्रासंगिकता'' (Relevance of Swami Vivekananda's Thoughts in Today's Perspective) विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन दिनांक 19 मार्च 2015 को महाविद्यालय परिसर में किया गया। ''उतिष्ठ, जाग्रत, प्राप्य, वरान्निबोधत्'' अर्थात् उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक अपने लक्ष्य पर न पहुँच जाओ, इस वेदान्तीय वाक्य को समाज में प्रेरक वाक्य के रुप में स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानन्द भारतीय नवजागरण के अग्रदूत माने जाते हैं। समस्त विश्व में भारतीय आध्यात्म का परचम लहराने वाले स्वामी विवेकानन्द ने भारत की गौरवशाली परम्परा एवं संस्कृति के प्रति तत्कालीन भारतीयों के अन्तस् में न केवल आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान का संचार किया अपितु उन्हें यह भी बोध कराया कि कैसे बिना किसी साधन व सुविधा के मात्र एक संकल्प के बल पर समाज को एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है।

स्वामी विवेकानन्द के युगयुगीन विचारों एवं शाश्वतः जीवन–दर्शन के स्मरण मात्र से ही अक्षय ऊर्जा का संचरण होता है। समाज को स्वाभिमान, साहस व कर्म की प्रेरणा देने वाले स्वामी विवेकानन्द के इन त्रिमंत्रों से समकालीन मूर्छित समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ। जब स्वामी विवेकानन्द जी यह कहते हैं कि सब कुछ खो देने से बुरा उस उम्मीद को खो देना है जिसके भरोसे हम सब कुछ पुनः पा सकते हैं, तो विश्व की समस्त आशावादी सोच उनके इस वाक्य में समाहित हो जाती है। आज समाज में पुनः सकारात्मक दृष्टिकोण एवं नव जागरण की महती आवश्यकता है। इस उद्देश्य के दृष्टिगत ''वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन की प्रासांगिकता'' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन, स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केन्द्र द्वारा इस दिशा में एक लघु परन्तु सकारात्मक प्रयास है।

सेमिनार का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि डॉ० अरूण मोहन शैरी, मुख्य अकादमिक अधिकारी, ब्रिज इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट, नोएडा द्वारा माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डॉ० अरूण मोहन शैरी ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिकता के व्यवहारिक पक्ष पर बल देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द धैर्य, साहस, उत्तम चरित्र व अनवरत कर्म को सफलता का मूल मंत्र मानते थे और आज समस्त प्रबन्ध

संस्थानों में इसे ही सफलता मंत्र के रूप में युवाओं को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर आन्तरिक प्रसन्नता को अपनाने पर जोर दिया और कहा कि जो जितना मुस्कुराता है वह ईश्वर के उतना ही करीब होता है।

सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ० संजीव कुमार शर्मा, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, ने स्वामी विवेकानन्द के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। समस्त विश्व में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव जगाने वाले स्वामी जी के विचारों को यदि हम आत्मसात् कर लें तो पुनः भारत को समस्त विश्व का सिरमौर बना सकते हैं।

सेमिनार का विषय प्रवर्तन संगोष्ठी संयोजक डॉ० किशोर कुमार द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि स्वामी विवेकानन्द जी एक युग प्रवर्तक विचारक के रूप में अपने जन्म के 151 वर्ष पश्चात् एवं अपने शरीर त्याग के 112 वर्ष के पश्चात् मानवतावाद, धर्म–अध्यात्म, योग, कर्म, समाज एवं राष्ट्र आदि समस्त विषयों पर पूर्ण प्रासांगिक हैं। वर्तमान भारत में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, नैतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक चुनौतियाँ विद्यमान हैं, यथा धर्म के संबंध में एकान्तिक दृष्टिकोण ने साम्प्रदायिकता के प्रसार में योग दिया है। सामान्यतः धर्म जीवन की आलौकिक आस्था एवं सर्वोच्च सत्य को जानने की अभीप्सा है। जब से मानव जाति ने शब्द संरचना का ज्ञान अर्जित करना आरम्भ किया, सभ्यता और संस्कृति के नये–नये सोपान रचना और आचरण संहिता का सृजन कर समाज को सभ्य तरीके से संचालित करने का क्रम आरम्भ हुआ, भौतिक उपलब्धियों का सुख मानव को लंबे समय तक बांधे नहीं रख सका, फलतः भौतिकता के इतर परमार्थ के धरातल पर कुछ आध्यात्मिक चिंतन की धारा फूटी और विस्तृत हुई। इस आध्यात्मिक चिंतन का लक्ष्य था–शश्वतः सुख की प्राप्ति और परम सत्ता का दर्शन लाभ। धर्म और आध्यात्मिकता का यह सच्चा स्वरूप विश्व के सभी धर्मों का आधार है। स्वामी विवेकानन्द धर्म के इसी स्वरूप को स्वीकार करते हैं। स्वामी जी की पुस्तक धर्म रहस्य के अनुसार धर्म मानव को बन्धनों से मुक्त करने का सशक्त माध्यम है। परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब धर्म–सम्प्रदाय को राजनीति तथा सत्ता और शक्ति पाने के लोभ से जोड़ दिया जाता है और धर्म के प्रति संकीर्ण प्रवृत्ति अपनायी जाती है तब स्वामी विवेकानन्द के विचार अधिक प्रासांगिक हो जाते हैं। भारतीय विविधताओं का अध्ययन एवं भारतीय सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक चुनौतियों का समाधान, अवधारणागत एकान्तिक मतों को त्यागकर समग्र अनेकान्तवादी संकल्पना से ही संभव है। यह एक वैश्विक सत्य है कि किसी समाज की गतिशीलता उस समाज के व्यक्तियों की मनोदशा, उनकी तार्किकता, वैज्ञानिक अभिरूचि एवं औचित्य की अवधारणा में निहित होती है, जिससे विभिन्न आधुनिक समाज का निर्माण होता है, परन्तु उत्तर आधुनिक सामाजिक संकल्पना उपर्युक्त अवधारणाओं के विभिन्न अवयवों को समग्रता से परीक्षण करने में, निहित है। हमारा वर्तमान उत्तर आधुनिक समाज आज भी प्रायः राष्ट्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों, विचारधाराओं, दार्शनिकों और दर्शनों आदि को तर्क रहित अवधारणाओं पर आधारित पूर्वाग्रहों से ग्रस्त अभिव्यक्ति प्रदान करता है। स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन के आलोक में यह सेमिनार विभिन्न विषयों–मुद्दों पर तार्किक, पूर्वाग्रह रहित, औचित्यपूर्ण नवीन आयाम प्रदान करने में सक्षम होगी हम यही आशा करते हैं।

सेमिनार में तीन तकनीकी सत्रों का संचालन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ० राजेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, आर्य भट्ट कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा, द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ० वी० के० शानवाल, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय गौतमबुद्ध नगर द्वारा तथा तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता श्रीमती रंजना जैन, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्ध नगर द्वारा की गई। विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय–विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन–दर्शन, युवाओं एवं महिलाओं के प्रति उनके दृष्टिकोण, ओजस्विता से परिपूर्ण उनके सकारात्मक विचारों की प्रासंगिकता और विवेकानन्द जी के कालजयी व्यक्तित्व से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से संवाद किया गया।

सेमिनार में समापन सत्र के मुख्य वक्ता डॉ० राजेश

कुमार ने अपने वक्तव्य में इस बात पर बल दिया कि आज युवा वर्ग को स्वामी विवेकानन्द के विचारों के अनुरूप कर्म का संदेश देने, सामाजिक समानता व नैतिकता प्रदान करने की आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थितियों में कोई राजनेता नहीं वरन् स्वामी विवेकानन्द जैसे विचारक एवं क्रान्तिकारी नेतृत्व समाज की सोच बदलकर एक नवजागृत युग की आधारशिला रख सकते हैं।

सत्र के अतिथि वक्ता श्री हीरालाल यादव ने स्वामी विवेकानन्द के पदचिन्हों पर चलने वाले मेजर संदीप उन्नीकृष्णन् का मातृत्व प्रेम, कर्त्तव्य बद्धता एवं संवेदनाओं को हृदय–स्पर्शी शब्दों के माध्यम से वर्णित किया साथ ही हर नागरिक से स्वामी जी के विचारों के अनुरूप स्वः की भावना का परित्याग कर राष्ट्रहित में सर्वस्व अर्पित करने का आह्वान किया।

सेमिनार के अंत मे समापन सत्र की मुख्य अतिथि डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग, प्राचार्या द्वारा अत्यधिक सारगर्भित शब्दों कहा गया कि सकारात्मक सोच वर्तमान समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम विवेकानन्द जी के विचार–दर्शन से एक भी सकारात्मक विचार अपने अन्दर समाहित कर अपने कर्म में ढाल सकते हैं तो यह सेमिनार अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल है।

कार्यक्रम के अंत में सेमिनार की आयोजन सचिव डॉ० मोनिका सिंह, द्वारा सेमिनार की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की गई तथा सेमिनार संयोजक डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा, ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया। सेमिनार के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ० दिव्या नाथ द्वारा, प्रथम तकनीकी सत्र का संचालन डॉ० दीप्ती वाजपेयी द्वारा, द्वितीय तकनीकी सत्र का संचालन डॉ० सुशीला द्वारा तथा तृतीय सत्र का संचालन डॉ० अनीता रानी राठौर द्वारा किया गया। समापन सत्र का मंच संचालन डॉ० अर्चना सिंह ने किया।

हम कृतज्ञ हैं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग के जिनके अमूल्य मार्गदर्शन, अनवरत समर्थन एवं सहयोग से सेमिनार का सफल आयोजन सहज रूप में सम्पन्न हो सका।

हम विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता करने वाले मुख्य वक्ताओं का भी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे आमंत्रण को सहज रूप में स्वीकार कर अपने अपने सारगर्भित वक्तव्यों से सेमिनार को सार्थक बनाया। देश के विभिन्न भागों से प्रतिभागिता करने आये प्रतिभागी भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने उपस्थिति एवं सक्रिय भागीदारी से सेमिनार की संपूर्ण अवधि को जीवंत बनाए रखा।

मैं व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने प्रत्येक कार्य में यथासम्भव अपना सहयोग प्रदान कर सेमिनार को सफल बनाने में महती भूमिका प्रदान की।

डॉ० अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र

डॉ० ममता उपाध्याय
एसो० प्रो० राजनीति विज्ञान

सुप्रसिद्ध सामाजिक, राजनीतिक चिन्तक, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ० भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व उनके कार्यों व उनके द्वारा प्रसारित मूल्यों से छात्राओं व स्थानीय नागरिकों को परिचित कराने एवं इस संबंध में अध्ययन तथा शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सत्र 2014–15 में **कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०** में **विश्वविद्यालय अनुदान** आयोग के अनुदान से **डॉ० अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र** का संचालन प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ० ज्योत्स्ना गर्ग के निर्देशन व राजनीति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ० सीमा देवी के समन्वय के साथ यह केन्द्र संचालित हो रहा है। नियमानुसार गठित केन्द्र के सलाहकार मण्डल द्वारा विभिन्न बैठकों दिनांक – 20.12.14, 19.01.15, 21.01.15, 22.01.15 व 31.01.15 में दिए गये सुझावों के अनुसार केन्द्र के तत्वावधान में अनेक कार्य किए गए, जिनका विवरण निम्नवत् है –

त्रैमासिक डिप्लोमा कोर्स का संचालन

6 जनवरी 2015 से 31 मार्च 2015 तक केन्द्र द्वारा छात्राओं के लिए एक त्रैमासिक डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया गया, जिसके लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की 51 छात्राओं का पंजीकरण किया गया। डॉ० अम्बेडकर का जीवन व उनकी शिक्षा विषयक पाठ्यक्रमानुसार कुल व्याख्यान संपन्न कराए गए। ये व्याख्यान डॉ० निधि रायजादा, एसो० प्रो० इतिहास, श्रीमति रन्जना जैन, प्रवक्ता अंग्रेजी, डॉ० हेमलता, डॉ० सरिता रानी P.D.F. डॉ० अभय विक्रम सिंह, डॉ० सीमा रानी, श्री अजय कुमार, श्री सचिन कुमार, कु० रीना–शोध छात्रों द्वारा दिए गए। पाठ्यक्रम की पूर्णता पर 7 अप्रैल 2015 को परीक्षा का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र –

केन्द्र के तत्वावधान में "समाज सुधार में डॉ० अम्बेडकर की भूमिका " विषय पर शोध प्रस्ताव तैयार कर पंजीकृत महाविद्यालय एवं पंजीकृत छात्राओं ने अपने अपने स्थानीय ग्रामों में डॉ० अम्बेडकर से संबंधित साहित्य का वितरण कराया।

व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन –

दिनांक 14.01.15 से लेकर 14.03.15 तक केन्द्र द्वारा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया जिसमें व्याख्यान व परिसंवाद युक्त व्याख्यान दिए गए डॉ० जिले सिंह, समन्वयक– बौद्ध अध्ययन केन्द्र, मवाना, मेरठ द्वारा दिनांक 14.01.15 को "अम्बेडकर लाइफ एण्ड वर्क: ए कन्सैप्चुअल फ्रेमवर्क" विषय पर व्याख्यान दिया गया। द्वितीय व्याख्यान 22.01.15 को प्रो० अर्चना शर्मा, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, विश्व विद्यालय मेरठ द्वारा "डॉ० अम्बेडकर की राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामाजिक न्याय की अवधरणा" विषय पर दिया गया। तृतीय व्याख्यान 24.01.15 को जय कुमार सरोहा, एसो० प्रो० रा० वि० एस० डी० कॉलेज गाजियाबाद द्वारा "Social and educational philosophy of DR. B.R. Ambedkar" विषय पर दिया। 29.01.15 को डॉ० डी०वी० सेहरा सेवा निवृत्त–वैज्ञानिक एवं समाज सेवक द्वारा अम्बेडकर के दर्शन व चिन्तन में व्याप्त वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर अतः क्रियात्मक व्याख्यान दिया गया। पाँचवा व्याख्यान प्रो० अजित पाण्डेय, प्रो० समाजशास्त्र, काशी हिन्दु विश्वविधालय द्वारा "social exclusion and effect of ambedkar's thought on contemporary India" विषय पर दिया गया। 13.2.15 को (Hindu Code Bill & Present Status of Women) विषय पर डॉ० वैभव गोयल प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा व्याख्यान दिया गया। 18.2.15 को हिन्दू कोड बिल एण्ड डॉ० सुधीर कुमार टीचिंग असिस्टेंट, समाजशास्त्र विभाग मेरठ विश्वविद्यालय ने "Dr. Ambedkar & Subaltron Presctive" विषय पर व्याख्यान दिया। इन सभी व्याख्यानों को केन्द्र की लाइब्रेरी में सुरक्षित रखा गया है।

वैचारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम–

डॉ० अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र व नैक्डोर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 13.2.15 को "महिला हिंसा के विरूद्ध

